राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 119 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## जीएसटी से भरा खजाना, ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा कलेक्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** टैक्स कलेक्शन के मोर्चे पर आज अच्छी खबर आई। अप्रैल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का कलेक्शन सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी कलेक्शन का ये अभी तक का ऑल टाइम हाई लेवल है। जीएसटी कलेक्शन के आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल यानी 2024 के अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह पिछले महीने यानी मार्च 2025 में कुल 1.96 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अप्रैल में हुए जीएसटी कलेक्शन में घरेलू लेन-देन से मिलने वाली जीएसटी की राशि 10.7 प्रतिशत बढ़ कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं, इंपोर्टेड गुड्स (आयातित सामान) से जीएसटी के रूप में मिलने वाला राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। अगर रिफंड की बात की जाए तो पिछले महीने जारी किया गया रिफंड भी 48.3 प्रतिशत बढ़ कर 27,341 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## आतंक के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत के साथ, दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को फोन कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की मौत पर गहरा शोक और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भारत के साथ एकजुटता जताते हुए कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में उसके साथ खड़ा है। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देता रहा है। पाकिस्तान एक आतंकी समर्थक राष्ट्र के रूप में बेनकाब हो चुका है और पूरी दुनिया को अब आतंकवाद के प्रति आंखें मूंदे नहीं रहना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ऐसे बर्बर हमलों की स्पष्ट और सख्त निंदा करनी चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कठोर कदम उठाने चाहिए। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है।

### 'गुनाहों के कठघरे' में खड़े पाकिस्तान ने ट्रंप को शांतिदूत की संज्ञा दी, भारत से बचाने की गुहार लगाई

**न्यूयॉर्क।** पिछले महीने अप्रैल की 22 तारीख को भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'गुनाहों के कठघरे' में घिरा पाकिस्तान अब अमेरका की शरण में पहुंचा है। उसने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए कहा कि वह ही भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। पाकिस्तान के 'एआरवाई न्यूज' चैनल की खबर के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को शांतिदूत की संज्ञा देते हुए मदद की गुहार लगाई है। शेख ने राष्ट्रपति ट्रंप से आग्रह किया है कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें, क्योंकि अमेरिकी नेता यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्षों को हल करने का प्रयास कर रहे हैं। रिजवान सईद शेख ने कहा, "हमारे पास आपके रूप में एक ऐसा राष्ट्रपति है जो दुनिया में शांति के लिए खड़ा है। आपने युद्धों को समाप्त कराया है। युद्धों का विरोध किया है। विवादों को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

### समर्थन

☐ अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के पूर्ण समर्थन की बात दोहराई

### फास्ट न्यूज

#### रूह अफजा मामले में रामदेव को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार के बाद रूह अफजा मामले पर बाबा रामदेव ने अपने विवादित वीडियो हटाने का भरोसा दिया है। बाबा रामदेव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वे वीडियो हटा लेंगे। उसके बाद जस्टिस अमित बंसल की बेंच ने इस मामले पर कल यानी 2 मई को भी सुनवाई करने का आदेश दिया। सुबह जब कोर्ट को बताया गया कि कोर्ट की चेतावनी के बावजूद बाबा रामदेव ने रुह अफजा को लेकर नया वीडियो जारी किया है। तब कोर्ट ने बाबा रामदेव के खिलाफ कोर्ट की अवमानना चलाने को कहा। कोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि हम बाबा रामदेव के खिलाफ अब अवमानना नोटिस जारी करेंगे, हम उन्हें यहां बुला रहे हैं। उसके बाद जब दोपहर में दोबारा सुनवाई शुरू हुई तो बाबा रामदेव की ओर से पेश वकील राजीव नय्यर ने कहा कि विवादित वीडियो 24 घंटे के अंदर हटा लिया जाएगा। दरअसल, रूह अफजा के बारे में बयान न देने के हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद बाबा रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट की अवमानना का मामला है। 22 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव के बयान ने कोर्ट की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और ये अक्षम्य है।

#### सस्ता हुआ कॉमर्शियल गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर को सस्ता कर दिया। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम के गैस सिलेंडर के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गैस की कीमत तय करने के लिए हर महीने की शुरूआत में होने वाले रिवीजन के बाद कॉमर्शियल गैस की कीमतों में आज 14.50 रुपये से लेकर 17 रुपये प्रति सिलेंडर तक की कमी की गई है। दूसरे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की है। कीमत में की गई कटौती के बाद अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर के लिए 1,747.50 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा, जबकि अप्रैल के महीने में इस सिलेंडर के लिए 1,762 रुपये और उसके पहले मार्च के महीने में 1,803 रुपये का भुगतान करना पड़ता था।

☐ 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति है ☐ आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने लड़ाई जीत ली है यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई

## पहलगाम हमला: शाह ने आतंकियों को दी चेतावनी-चुन-चुन के बदला लेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने लड़ाई जीत ली है। यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और हम चुन-चुन के बदला लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली के कैलाश कालोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में बोड़ो नेता बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के सम्मान में एक सड़क का नामकरण और प्रतिमा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगी यह प्रतिमा केवल बोडोलैंड और असम के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह देशभर की छोटी-छोटी जनजातियों का सम्मान है जो आजादी के कई सालों तक उत्कर्ष और विकास के लिए संघर्षरत रहीं। शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत पहलगाम में आतंक की भेंट चढ़े लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को आश्वस्त किया कि पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति है। शाह ने कहा, हम मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़े हैं। वो (आतंकवादी) ये न समझे हमारे 27 नागरिकों की जान लेकर ये लड़ाई जीते हैं। मैं सभी आतंक फैलाने वालों को कहना चाहता हूं कि लड़ाई का अंत नहीं है। यह एक मुकाम है। हर व्यक्ति को चुन-चुन कर जवाब भी मिलेगा और जवाब भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्तर-पूर्व, वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र और कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया का मजबूती के साथ जवाब दिया है।

शाह ने कहा कि कायराना हमला करके यदि कोई ये समझता है कि उनकी बड़ी जीत है तो ये बात समझ ले ये मोदी सरकार है किसी को बख्शा नहीं जाएगा।



### 'आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ फेंकने का हमारा संकल्प'



शाह ने कहा कि देश की इंच-इंच भूमि पर से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ फैंकने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा। इस लड़ाई में न केवल 140 करोड़ भारतवासी बल्कि पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। शाह ने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होता हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उन्हें इसका उचित दंड दिया जाएगा। शाह ने कहा कि बोडोफा नेता उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की नौ फीट की प्रतिमा का अनावरण किया गया। बोडोफा न केवल बोडौलेंड और बोडो जाति के लिए समस्त आदिवासी समुदाय के लिए सम्मान, समान अधिकार और पहचान की लड़ाई के लिए जाने जाते हैं। अपने क्षेत्र के सम्मान और अधिकार की आजीवन लड़ाई लड़ने वाले बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा की पुण्यतिथि पर दिल्ली में उनकी प्रतिमा और सड़क का नामकरण करना गर्व की बात है।

### पाकिस्तान को लेकर सख्त संदेश

गृह मंत्री अमित शाह ने अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारत की सीमा के पार बैठे लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि अब भारत जवाब देने की स्थिति में है।

गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी बताया कि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को घेरने, राजनयिक दबाव बढ़ाने और आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

**जनता की प्रतिक्रिया** -सोशल मीडिया पर बहस तेज

अमित शाह के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं मिलीजुली रही हैं। कुछ लोग इसे सख्त और सही कदम बता रहे हैं, तो कुछ इसे केवल "बयानबाजी" कह रहे हैं।

### भारत अब पहले जैसा नहीं रहा: शाह

क्या कहा अमित शाह ने?
अमित शाह ने अपने भाषण में कहा, "भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। हमारी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। पहलगाम में हमारे जवानों और नागरिकों पर जो हमला हुआ, उसका हिसाब किया जाएगा। जो भी इसके पीछे है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हम चुन-चुन कर जवाब देंगे और आतंकवाद की जड़ को उखाड़ फेंकेंगे।"



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुलाकात की।

### चार साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा क्रूड

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी आने की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत पर लगातार दबाव बना हुआ है। इस दबाव के कारण अप्रैल में क्रूड ऑयल की कीमत में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साढ़े तीन साल के दौरान क्रूड ऑयल की कीमत में आई ये सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। कीमत में आई गिरावट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे तक ब्रेंट क्रूड 59.52 डॉलर तक गिर गया था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड लुढ़क कर 56.58 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 4 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है।

### चुनौतियां मुझे पसंद हैं, नवपीढ़ी के लिए मार्गदर्शक ग्रंथः योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संघर्षों और प्रेरणादायक जीवन पर आधारित पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं का विमोचन किया। गुरुवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के संघर्षमय जीवन की शून्य से शिखर तक की प्रेरणादायक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह पुस्तक नवपीढ़ी के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ की तरह है। सीएम योगी ने कहा कि गुजरात के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के सबसे बड़े राज्य की राज्यपाल बनने तक की यात्रा आसान नहीं थी। यह पुस्तक बताती है कि जब कोई महिला सामाजिक बंधनों, संसाधनों की कमी और परिस्थितियों की चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो वह समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनौतियां मुझे पसंद हैं पुस्तक केवल एक जीवनी नहीं बल्कि जीवन के हर उस पहलू को उजागर करती है जो संघर्षों के बाद सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी कहती है।

### अवैध मदरसों और अतिक्रमणों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक स्तर पर अवैध मदरसों, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों के खिलाफ व्यापक अभियान निरंतर जारी है। योगी सरकार के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कई स्थानों पर छापेमारी कर अवैध कब्जों को चिन्हित किया। इन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बिना मान्यता और मानक विहीन रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा रहा है तथा सरकारी भूमि पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जा रहा है। अब तक सैकड़ों अवैध निमार्णों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

## राज्य का सर्वांगीण विकास सामाजिक समरसता से ही संभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास सामाजिक समरसता से ही संभव हो सकता है , इसमें खाप -पंचायतों की भूमिका सकारात्मक योगदान दे सकती है। मुख्यमंत्री आज यहां अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम , 1989 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ,अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदया (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी, प्रदेश में अनुसूचित जाति के सांसद एवं विधायकों के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनुसूचित जाति के किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम , 1989 के तहत दर्ज किये गए मामलों में 60 दिन के अंदर कोर्ट में जांच की रिपोर्ट और चार्ज शीट दाखिल हो जानी चाहिए।

### इंसान की समृद्धि के लिए गीत, संगीत, कला को महत्व देना होगा : पीएममोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में विश्व ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) का उद्घाटन किया और इसे सृजनात्मकता का वैश्विक उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें की अवधारणा को अपनाने का एकदम सही समय है। इंसान की समृद्धि इन्फोर्मेशन के पहाड़ से नहीं आएगी, ये टेक्नोलॉजी की स्पीड और रीच से भी नहीं आएगी।

### दिशा-निर्देश

संस्थान का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए

## सीएम ने अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान में किया आंतरिक रोग विभाग का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अटल सुपर स्पेशियलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाणा (शिमला) में आतंरिक रोगी विभाग का शुभारंभ किया। उन्होंने संस्थान का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित रहे। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाना में 337 बेड है और अत्याधुनिक मशीन लगाई गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमियाना में काफी समय से बन रहा था और इस सरकार में पूरा हुआ है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल एक बार पैसा देती है और अब अपने ही संसाधनों से इसे चलाना पड़ रहा है यहां पर कंस्ट्रक्शन के लिए 23 करोड़ स्वीकृत किए हैं इस अस्पताल में लेटेस्ट अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। और जल्दी इस अस्पताल में और टांडा मेडिकल कॉलेज में और रोबोटिक सर्जरी भी शुरू करने जा रहे हैं।



### संसाधन

☐ केंद्र सरकार केवल एक बार पैसा देती है और अब अपने ही संसाधनों से इसे चलाना पड़ रहा है

अस्पताल में यहां पर एमआरआई भी अत्याधुनिक लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ईएमसी अस्पताल में 19 साल पुरानी एमआरआई मशीन है उसे भी बदला जा रहा है।

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र पर विशेष ध्यान रहिए और इस बार 200 करोड रुपए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए खर्च किए जा रहे हैं। वही मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर भी पलटवार किया उन्होंने कहा कि देशभक्ति की बात कर रहे हैं जब पहलगाम में आतंकी हमला हुआ तो नेता प्रतिपक्ष नाच गाने में मस्त है जबकि ऐसे समय में सभी कार्यक्रम रद्द होने चाहिए थे। जबकि सरकार की तरफ से अपने सभी कार्यक्रम रद्द किए गए थे उन्होंने कहा कि आतंकवाद के साथ लड़ाई में विपक्ष केंद्र सरकार के साथ खड़ा है।

## चुनाव आयोग की सुधारों से जुड़ी नई पहल

### पंजीकरण

☐ आयोग इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अब रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से मौत के पंजीकरण का डेटा प्राप्त करेगा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने तीन नई पहल शुरू की हैं। इसके तहत मृत्युपंजीकरण डेटा को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त कर मतदाता सूची में सुधार किया जाएगा। दूसरी बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को मानक फोटो पहचान पत्र किए जाएंगे। साथ ही मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया जाएगा, ताकि मतदाताओं को अधिक जानकारी और सुविधा मिल सके। चुनाव आयोग का कहना है कि उसकी ये तीन नई पहल भारत में लोकतंत्र को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने और निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने में सहायक होंगी। इन उपायों को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने इस वर्ष मार्च में चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान सुझाए थे।

# सरकारी स्कूल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बुचावास** में महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को लिंग समानता और बालिकाओं के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर कुसुमलता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि समाज में लिंग भेदभाव को समाप्त करने और बेटियों को समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है तभी हम शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और बेटियों को सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बालिकाओं के अधिकारों और उनके संरक्षण के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया वही शपथ भी दिलाई। इस मौके पर प्रिंसिपल सुबे सिंह, अधिवक्ता पूजा यादव, मंजू देवी, आंगनबाड़ी वर्कर मोनिका, सविता, पपीता सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रवासी लोगों की शिनाख्त को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। क्षेत्र में रह** रहे प्रवासी लोगों की शिनाख्त कर उन पर कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के लोगों ने जिला उपायुक्त के नाम एसडीएम अनिल कुमार यादव को एक लिखित ज्ञापन सौपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश व प्रदेश में रोहिंग्या व पाकिस्तान मुस्लमान के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा सरकार ने भी ऐसे लोगों की छानबीन करके उसे बाहर निकालने का सख्त आदेश दिया हुआ है। इसी कड़ी के अंतर्गत महेंद्रगढ़ के मोदाश्रम, सतनाली चौक, रेलवे स्टेशन व गांव सीगड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में लंबे अरसे से रह रहे प्रवासी लोगों पर हमें संदेह है। इनके छानबीन कर इन्हें वापस अपने देश में भेजना चाहिए।

# सीईओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**जिला परिषद की मुख्य** कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने वीरवार को डीआरडीए द्वारा जिला स्तर पर मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ द्वारा वित्तिय वर्ष 2025-26 में आई.ई.सी. के तहत जारी कलैण्डर अनुसार खण्ड सार ग्राम पंचायत स्तर पर निर्धारित गतिविधियों को करवाने को लेकर जिला स्तर पर सभी सम्बन्धित धिकारियो ं,कर्मचारियों की बैठक ली गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला परिषद सीईओ ने जिले में संचालित की जा रही हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं के बारे में भी समीक्षा की और तीव्रता से योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। डॉक्टर किरण सिंह ने बताया कि अधिकारियों को योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए और कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी अपने अपने विकास क्षेत्रों में मनरेगा योजना के तहत जारी माहवार कलैण्डर अनुसार फोटो, वीडियो सहित गतिविधियां करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में संचालित की जारी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करना है ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर डिप्टी सीईओ कंचन लता, उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, रणसिंह वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गीता पत्नी** विकास **निवासी** 9371, गली मलखान सिंह, गोशाला मार्ग, किशन गंज, दिल्ली ने **case registered No. 3510/19 U/s 138 NI Act. थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गीता** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गीता** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case registered No. 3510/19 U/s 138 NI Act. थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार दिव्या अरोड़ा
जेएमएफसी-04, एनडब्ल्यू, पहला तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3894/NW/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **फर्ज नईम अहमद पुत्रः नफीस अहमद, पताः** मकान नं. 209, गली अखाड़े वाली कबीर बस्ती, मलका गंज, दिल्ली ने **FIR No. 90/2021, U/s 356/379/411 IPC,** थानाः कमला मार्किट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फर्ज नईम अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फर्ज नईम अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 90/2021, U/s 356/379/411 IPC,** थानाः कमला मार्किट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **फर्ज नईम अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायेशा चड्डा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कमरा नं.272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5367/CD/2025
(Court Matter)

# मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के पदाधिकारी द्वारा पंडित निर्मल शास्त्री की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ स्तिथ मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटिया पर शिष्टाचार मुलाकात कर उनका पगड़ी पहनकर सम्मान किया गया। और उन्हें पानीपत में सेक्टर 13 17 के हुडा मैदान में आगामी 17 से 19 मई तक आयोजित श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव का निमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हरियाणा के पानीपत की धरती पर कथा करने के लिए कथा व्यास पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पधार रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद इस कथा में शामिल होंगे और हवन यज्ञ में आहुति डाल महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## Change of Name

I, Anand Kumar khatree S/OSh. Naresh Kumar, R/O- H. N 741,VPO Bankner Narela Delhi-110040, have changed my name, from Anand Kumar khatri, to Anand Kumar khatree for all purposes.

## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100 / 2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03
निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 30.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1279/25

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्या :** EL-C-PRYJ-02-25-26 **दिनांकः** 30.04.2025

**ई-निविदा सूचना (विद्युत निर्माण)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक 23.05.2025 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः- **निविदा खुलने की तिथिः 23.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.: 1** | **निविदा सं.:** EL-C-PRYJ-05-24-25 | **प्रकाशित कार्य की लागत (रू0 में):** ₹ 24,46,10,934.74 |

**कार्य का नाम :** 25 के0 वी0 ए0 सी0 इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क फॉर बैलेंस वर्क ऑफ़ प्रयागराज यार्ड रिमोडेलिंग वर्क (संक्सन अंडर अम्ब्रेला वर्क 2019-20) (P.B. Item No. 92 of 2019-20)

| | |
|---|---|
| **बोली प्रतिभूति (रू0 में):** ₹ 13,73,100.00 | **कार्य अवधिः** 18 माह |

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूरा विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। **748/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## बेदखली सूचना

मैं रशीद पुत्र श्री दादू साहब निवासी मकान नंबर 137, फस्ट फलोर, शिवाजी कालोनी, हांसी रोड, मिल्खा सिंह स्टेडियम के पीछे, नजदीक पावर हाउस, गप्पू वाला बाग, करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र नदीन व उसकी पत्नी रोजी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं अपने पुत्र और पुत्रवधू को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में ये किसी तरह का कोई कानूनी या गैर कानूनी कार्य या किसी के साथ किसी तरह का लेन-देन करते हैं तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसमें मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100 / 2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02
निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 30.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1275/25

## नीलामी सूचना

ग्राम पंचायत बड़ी खंड गन्नौर जिला सोनीपत की हरिजन चौपाल व व्रधाश्रम को कंडम घोषित किया जा चुका है। उक्त दोनों के नए भवनों के निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा इनके पुराने व खराब सामान को नीलाम करने का फैसला किया गया है। सामान खरीदने के इच्छुक व्यक्ति 8 मई 2025 को सुबह 10 बजे रविदास भवन में पहुंचकर बोली दे सकते है। इसका प्रस्ताव खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर को भेजा जा चुका है।

**श्रीमती नीरज देवी**
**सरपंच ग्राम पंचायत बड़ी**
**खंड गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा**

## Change of Name

I, Anand khatri S/O Sh. Naresh Kumar R/O H.N.741 VPO Bankner Narela Delhi-110040, have changed my minor son's name from Kavyansh aged 13 years to Kavyansh Khatri forever .

# समाज कल्याण विभाग
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
# 7वीं मंजिल, एमएसओ बिल्डिंग, आईपी एस्टेट, आईटीओ, नई दिल्ली

WE CARE YOU SHARE

**अपने परिवार से अलग हुई निम्नलिखित लड़के वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आशा किरण गृह अवंतिका सेक्टर-01, रोहिणी, नई दिल्ली में रह रही हैं। यदि किसी को उनके परिवार के सदस्यों के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया अधीक्षक (पुरूष विंग-आशा किरण होम) से फोन नं. 011-27510307 या ईमेल आईडीः-aashakiran89@gmail.com पर संपर्क करें।**

नाम- तखील
पिता का नाम-अब्दुल
उम्र-15 वर्ष
डीओए-11/04/2022
विवरण- सीडब्ल्यूसी, अलीपुर, दिल्ली।
पहचान चिह्न-
बाएं हाथ पर काला जन्म चिह्न




नाम- आशु
पिता का नाम- महेंद्रसिंह
उम्र-17 वर्ष
डीओए-28/12/2017
विवरण- सीडब्ल्यूसी-VI, अवंतिका
पहचान चिह्न-
पैरों पर जले हुए निशान




नाम- राजू@ राजीव
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-11 वर्ष
डीओए-11/04/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI,
अवंतिका




नाम- कुंदन
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-13 वर्ष
डीओए-14/07/2021
विवरण-सीडब्ल्यूसी,
लाजपत नगर




नाम- आदित्य
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-16 वर्ष
डीओए-17/11/2022
विवरण-ORW-CCI
बाल सहयोग CP, दिल्ली



नाम- रामविलास
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-06/01/2023
विवरण-संस्कार आश्रम
बॉयज होम, दिल्ली।



नाम- अन्नू
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-13/11/2013
विवरण-सीडब्ल्यूसी,
दिलशाद गार्डन, दिल्ली।




नाम- दुर्गेश
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-21/11/2016
विवरण-सीडब्ल्यूसी अलीपुर, दिल्ली।
पहचान चिह्न-
ऊपरी आँख का बायों कोण कटा हुआ



नाम- सूरज
पिता का नाम-दिहू
उम्र-13 वर्ष
डीओए-22/07/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी-I,
निर्मल छाया कॉम्पेक्स, दिल्ली।
पहचान चिह्न-
आंख के ऊपर निशान।



नाम- तैजुब
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-15 वर्ष
डीओए-13/12/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी-III,
किंग्सवे कैंप, दिल्ली।



नाम- चिंटू
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-07 वर्ष
डीओए-02/01/2023
विवरण- सीडब्ल्यूसी-IV, पूर्वी दिल्ली
पहचान चिह्न-
बाएं माथे पर कट।





नाम- आदिल
पिता का नाम-आसिफ
उम्र-18 वर्ष
डीओए-10/04/2018
विवरण-सीडब्ल्यूसी,नई दिल्ली




नाम- लक्ष्मण
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-15/03/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी,
किंग्सवे कैम्प, दिल्ली।



नाम- प्रेम सागर
पिता का नाम-कन्हिया लाल
उम्र-17 वर्ष
डीओए-22/01/2020
विवरण-सीडब्ल्यूसी, अवंतिका



नाम- राम बाबू
पिता का नाम-रतन
उम्र-17 वर्ष
डीओए-23/08/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, दक्षिण ,दिल्ली।



नाम- नादिर
पिता का नाम-स्वर्गीय
मोहम्मद सफीक
उम्र-14 वर्ष
डीओए-28/05/2024
विवरण- सीडब्ल्यूसी, मयूर विहार,
दिल्ली।




नाम- प्रताप
पिता का नाम- श्री लल्ली
उम्र-15 वर्ष
डीओए-29/05/2024
विवरण-सीडब्ल्यूसी,किंग्सवे कैंप
दिल्ली।
पहचान चिह्न-
माथे पर कट का निशान



नाम- प्रतीक
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-08/10/2024
विवरण-सीडब्ल्यूसी-I,
निमल छाया
कॉम्प्लेक्स, दिल्ली
पहचान चिह्न- दाहिने माथे पर भौं के पास कट का निशान



नाम- रिहान
पिता का नाम-मोहम्मद
ताहिर
उम्र-15 वर्ष
डीओए-11/12/2024
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI,
रोहिणी सेक्टर-22 दिल्ली।
पहचान चिह्न-
सिर पर कट का निशान




नाम- सलमान
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-09 वर्ष
डीओए-06/04/2021
विवरण-सीडब्ल्यूसी ,अलीपुर
दिल्ली।
पहचान चिह्न-
भौं पर कट का निशान




नाम- टेम्पो
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-12 वर्ष
डीओए-15/09/2022
विवरण-संस्कार आश्रम, दिल्ली
पहचान चिह्न-
माथे पर पुराना निशान



नाम- युग
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-19/10/2020
विवरण- सीडब्ल्यूसी-VI, अवंतिका,
पहचान चिह्न-
सिर पर कट का निशान




नाम- साहिल
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-09 वर्ष
डीओए-13/06/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI,
रोहिणी सेक्टर-22, दिल्ली




नाम- राजेंद्र
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-08 वर्ष
डीओए-29/09/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी-III,
किंग्सवे कैंप, दिल्ली।




नाम- मानव
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-14 वर्ष
डीओए-29/08/2017
विवरण-सीडब्ल्यूसी आशा
किरण होम, रोहिणी, दिल्ली।




नाम- प्रदीप
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-16 वर्ष
डीओए-09/12/2016
विवरण-सीडब्ल्यूसी
किंग्सवे कैंप, दिल्ली




नाम- अक्कू
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-11 वर्ष
डीओए-06/01/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी-IV,
मयूर विहार, दिल्ली
पहचान चिह्न-
बाएं सीने पर निशान




नाम- कालू
पिता का नाम-श्री संजय
उम्र-16 वर्ष
डीओए-05/06/2017
विवरण-प्रयास चिल्ड्रन
होम, जहांगीर पुरी, दिल्ली
पहचान चिह्न-नीचे की आंख पर
कट के निशान।



नाम- कविर
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-06/05/2013
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI,अवंतिका
दिल्ली।




नाम- प्रियांशु
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र- 10 वर्ष
डीओए- 21/10/2024
विवरण- सीडब्ल्यूसी,
लाजपत नगर दिल्ली।
पहचान चिह्न-
चेहरे पर लाल जन्म चिह्न



# श्रमिकों के सुख-दुख की साथी है सरकार: रेखा

- श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में पहले ही बढ़ोतरी कर चुकी है दिल्ली सरकार
- दिल्ली सरकार श्रमिकों के सुख-दुख की साथी है। श्रमिक दिल्ली की अर्थव्यवस्था और विकास में योगदान देते हैं
- बजट में श्रमिकों के लिए जो घोषणा की है, उसे पूरा किया जा रहा

**प्राथमिकता**

- श्रमिकों के स्वास्थ्य, उनके बच्चों की शिक्षा और सेवाओं को देने के लिए दिल्ली सरकार काम कर रही: सीएम





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरुवार को करोलबाग में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हुईं। इस दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार श्रमिकों के सुख-दुख की साथी है। श्रमिक दिल्ली की अर्थव्यवस्था और विकास में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक दिवस से पहले दिल्ली सरकार ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों के स्वास्थ्य, उनके बच्चों की शिक्षा और बुनियादी सेवाओं को देने के लिए लगातार दिल्ली सरकार काम कर रही है। बजट में दिल्ली सरकार ने श्रमिकों के लिए जो घोषणा की है, उसे पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक बहनों को अपने बच्चों को काम पर जाते समय कहां छोड़कर जाने की सबसे चिंता होती है। दिल्ली सरकार ने इस चिंता को खत्म करने के लिए यहां 500 पालना कक्ष खोलेंगे। जहां पर श्रमिक बहनें काम जाने समय अपने बच्चों छोड़कर जा सकती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत हमारे श्रमिकों का तुरंत पंजीकरण होगा। तीन हजार वॉटर कूलर पूरी दिल्ली में लगाए जाने की योजना पर काम चल रहा है। श्रमिकों को तेज गर्मी से बचाने के लिए उनके काम के घंटों में परिवर्तन करने का आदेश में दिल्ली सरकार जारी कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर राष्ट्र निर्माण को सदैव समर्पित श्रम-शक्ति को साधुवाद एवं कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत की उन्नति में हमारे श्रमिक भाई-बहनों का योगदान सर्वोपरि एवं सर्वश्रेष्ठ है। आपका समर्पण भारत के विकास रथ को गतिशीलता प्रदान कर उन्नति व प्रगति की नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि हम अपने श्रमिकों के सम्मान, अधिकार और सरोकार के लिए लगातार काम करेंगे।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में श्रमिकों का बोर्ड है। बोर्ड के पास पैसा है, मगर फिर भी पिछली सरकार ने सात साल में श्रमिकों के लिए कोई कार्यक्रम नहीं किया।

## पानी को लेकर गंदी राजनीति पर उतरी पंजाब सरकार: प्रवेश साहिब सिंह



*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार पानी को लेकर गंदी राजनीति पर उतर आई है। हरियाणा और दिल्ली का पानी रोकना एक गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण कदम है, जो सीधे-सीधे करोड़ों नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि जब आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता ने लोकतांत्रिक रूप से नकार दिया, तो अब वह बदले की भावना से जल संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हमारी सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है ताकि हर घर तक साफ और पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सके। दिल्ली जैसे विशाल शहर में जल व्यवस्था बनाए रखना आसान नहीं, लेकिन हमने हर चुनौती को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि अब जब गर्मी अपने चरम पर है और जनता को सबसे ज्यादा जरूरत पानी की है, तब पंजाब सरकार जानबूझकर दिल्ली का हक छीनना चाहती है। यह न सिर्फ असंवेदनशीलता है, बल्कि दुर्भावनापूर्ण राजनीति का निचला स्तर है। प्रवेश साहिब सिंह ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों को प्यासा नहीं रहने देंगी। पानी राजनीति का विषय नहीं, जीवन का आधार है ।*

### महाराष्ट्र एवं गुजरात दिवस पर सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

*नई दिल्ली। दिल्ली सचिवालय में महाराष्ट्र एवं गुजरात दिवस पर गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश के विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवसों को दिल्ली में उत्साहपूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिशा में आज कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महाराष्ट्र और गुजरात के लाखों नागरिक निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और कर्मठता से न केवल अपने राज्यों बल्कि पूरे देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इन राज्यों के नागरिकों ने भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाराष्ट्र और गुजरात की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, जीवंत परंपराएं एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करना था।*

## दिल्ली जल बोर्ड में तोड़फोड़ मामले में राघव चड्ढा की याचिका का निस्तारण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने 2020 में कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के दफ्तर में तोड़फोड़ की घटना में दिल्ली पुलिस की जांच पर कोर्ट की निगरानी की मांग वाली याचिका वापस ले ली है। राउज ऐवन्यू कोर्ट ने यह मामला याचिका वापसी के बाद निस्तारित कर दिया। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने याचिका को निस्तारित करने का आदेश दिया। राघव चड्ढा के वकील ने कोर्ट को बताया कि याचिका का उद्देश्य अब पूरा हो चुका है और आगे इस पर सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। राघव चड्ढा ने याचिका दायर कर इस मामले की निगरानी करने की मांग की थी।

उन्होंने दिल्ली पुलिस से 2020 में इस मामले की शिकायत की थी, जिस पर देशबंधु गुप्ता थाने में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, भाजपा नेता आदेश गुप्ता, रवि तंवर और विकास तंवर को आरोपित बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 188, 269, 147, 148, 149, 427 और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट और पंडेमिक एक्ट की धारा 3 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। तीस हजारी कोर्ट ने 29 अप्रैल को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। पहले ये मामला तीस हजारी कोर्ट में चल रहा था।

## एमसीडी ने मलबा निस्तारण के लिए 106 स्थल किए निर्धारित



**स्थान निर्धारित**

- अनधिकृत स्थानों पर मलबा डालने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने गुरुवार को शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके लिए एमसीडी ने 106 स्थानों को निर्धारित किया है। जहाँ निवासी निर्माण और मरम्मत कार्य से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी) कचरे का निपटान कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य निवासियों को अपने सीएंडडी कचरे का प्रबंधन करने के लिए एक नियत और कुशल तरीका प्रदान करना है। जिससे एक स्वच्छ और अधिक व्यवस्थित दिल्ली बनाने में योगदान मिल सके। एमसीडी ने कहा कि सीएंडडी कचरे की मात्रा तीन सौ मीट्रिक टन से अधिक है। तो वे मलबा को बुराड़ी, रानीखेड़ा, बक्करवाला और शास्त्री पार्क में स्थित सीएंडडी प्लांट में पहुंचा दें। ये संयंत्र बड़ी मात्रा में मलबे को संभालने के लिए सुसज्जित हैं। इसका निपटान पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तरीके से किया जाए। एनजीटी के आदेशों के अनुसार अनधिकृत स्थानों पर मलबा डालने वालों पर पांच हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

## दिल्ली में एक्यूआई में सुधार, हटाई गईं ग्रैप एक की पाबंदियां

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है। गुरुवार को राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 184 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी में लागू ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) एक की पाबंदियों को हटा लिया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 184 रहा। गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर के समग्र वायु गुणवत्ता मापदंडों और अन्य पहलुओं की व्यापक समीक्षा करते हुए उप-समिति ने कहा कि तेज हवाओं और अनुकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण दिल्ली के एक्यूाई में सुधार हुआ है और 01 मई के लिए 184 ('मध्यम' श्रेणी में) दर्ज किया गया है। इसके अलावा मौसम विभाग के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के 'मध्यम' श्रेणी में रहने की भविष्यवाणी की गई है।







# सैनी ने की बजट अभिभाषण घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित बजट अभिभाषण की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन घोषणाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य के लोगों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। नायब सिंह सैनी, जो वित्त मंत्री भी हैं, ने इस वर्ष मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए राज्य बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी। विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाया जाए। उन्होंने सभी जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन, एक्स-रे, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और ब्लड एनलाइजर जैसी डायग्नोसिटक सुविधाओं का विस्तार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर कम से कम एक अस्पताल को अपग्रेड करने के कार्य में तेजी लाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह सुसज्जित हों

### फूल मंडी की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

अधिकारियों को गुरुग्राम में वातानुकूलित फूल मंडी की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों को अंबाला, यमुनानगर और हिसार में क्रमश: लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए स्थापित किए जा रहे तीन उत्कृष्टता केंद्रों में खाद्य प्रसंस्करण और मार्केट लिंकेज में प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11-18 वर्ष की किशोरियों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से किशोरी शक्ति योजना को राज्य के सभी जिलों में लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गाँवों के मौजूदा तालाबों के जीर्णोद्धार के अलावा, जिन गांवों में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, उनमें नए तालाबों का निर्माण किया जाए। उन्होंने रिचार्ज-वैल के निर्माण के लिए गांवों में उपयुक्त भूमि की पहचान करने के भी निर्देश दिए, ताकि अतिरिक्त वर्षा जल को संग्रहीत किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल भूजल स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित स्थान प्रदान करने के लिए गांवों के नजदीक स्कूलों या अन्य भवनों में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाए।

### गांवों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रह शुरू करने के भी निर्देश दिए

इन पुस्तकालयों में फर्नीचर और शीर्ष प्रकाशकों की पुस्तकें शामिल की जाए, जिससे छात्रों के अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इस वर्ष 15 अगस्त तक लगभग 950 ई-पुस्तकालयों का निर्माण पूरा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छ ग्रामीण मिशन के अंतर्गत आदर्श गांव विकसित करने के राज्य सरकार के दृष्टिकोण के तहत गांवों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रह शुरू करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राज्य भर में स्लम-एरिया के विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को पानी के उपयोग को कम करने के लिए सभी बागवानी फसलों में ड्रिप सिंचाई अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# जल मंत्री ने जल वितरण पर पंजाब सरकार से जताई नाराजगी

**पानी का मुद्दा**

**दिल्ली में आप की सरकार थी तब तक पंजाब की ओर से ऐसा कुछ नहीं किया गया- श्रुति चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने हरियाणा-पंजाब के पानी के मुद्दे को लेकर पंजाब सरकार से कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब आम आदमी पार्टी की सरकार थी तब तक पंजाब सरकार की ओर से पानी नहीं रोका गया अब जब दिल्ली आम आदमी पार्टी के पास नहीं है तब ऐसा तमाशा कर रहे हैं। मंत्री श्रुति चौधरी ने बीबीएमबी की बैठक में पंजाब सरकार की ओर से किए गए अनुचित व्यवहार की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा को उसके हक का पानी मिलना चाहिए क्योंकि हर साल जैसी व्यवस्था ही अब भी वैसी ही है तो फिर पंजाब सरकार की ओर से ऐसा ड्रामा क्यों किया जा रहा है। भगवंत मान सरकार को समझना चाहिए कि वे आम लोगों को परेशान ना करें।

श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल ने जल में जहर मिलाने की बात कही थी उसी राह पर चलते हुए भगवंत मान ने अपने पद की गरिमा ना रखते हुए पानी रोकने का काम किया गया। यह पानी पूरी तरह से बीबीएमबी का है यही पानी हरियाणा से दिल्ली और राजस्थान भी जाता है फिर वापिस पंजाब भी आता है। दिल्ली की सरकार नहीं रही तो यह तमाशा इनकी ओर से किया गया है। यह मामला कुछ दिनों का था पर लोगों को परेशान करना भगवंत मान सरकार की मंशा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ जिले के कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिसिन, ईएनटी, ऑर्थोपैडिक्स एवं मनोरोग से संबंधित ओपीडी सेवाएं शुरू हो गई हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज स्थानीय आबादी की जरूरतों को पूरा करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि लोगों को आवश्यक चिकित्सा सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करने की जरूरत न पड़े। नवनिर्मित ओपीडी सेवाएं चिकित्सा, ईएनटी, ऑर्थोपैडिक्स से लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य न केवल उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, बल्कि चिकित्सा अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए अनुकूल वातावरण बनाना भी है। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एक समृद्ध समाज की नींव है और सरकार हरियाणा के सभी निवासियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है।

### हरियाणा खेल विभाग ने जारी किया 2025-26 का खेल कैलेंडर-खेल मंत्री गौरव गौतम

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग ने वर्ष 2025-26 में होने वाली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का खेल कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के जरिये खिलाड़ियों को पहले से ही प्रतियोगिताओं की जानकारी मिलेगी और वे प्रतियोगिताओं की अच्छे से तैयारी कर पाएंगे। खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने उपरांत राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 16 से 18 मई, 2025 को राज्य स्तरीय अखाड़ा दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह से 6 से 8 जून को स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 20 से 22 जून को सीनियर स्टेट खेल महाकुंभ, 4 से 6 जुलाई को स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता और 18 से 20 जुलाई को स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 1 से 3 अगस्त को स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता, 22 से 24 अगस्त को स्टेट स्विमिंग प्रतियोगिता, 5 से 7 सितंबर को स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता, 18 से 28 सितंबर को सीएम कप प्रतियोगिता और 10 से 12 अक्टूबर को स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता और 24 से 26 अक्टूबर को स्टेट जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 से 9 नवंबर को स्टेट हैंडबॉल प्रतियोगिता, 20 से 25 नवंबर को मिल्खा सिंह मेमोरियल दौड़ प्रतियोगिता, 21 से 23 नवंबर को स्टेट रग्बी प्रतियोगिता, 12 से 14 दिसंबर को स्टेट इंटर नर्सरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 से 4 जनवरी, 2026 को इंटर डिपार्टमेंट स्टेट खेल प्रतियोगिता, 23 से 26 फरवरी को गुरुग्राम मैराथन और 2 मार्च को फरीदाबाद मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### ऊर्जा विभाग की दो सेवाएं हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में

चंडीगढ़: हरियाणा सरकार ने ऊर्जा विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इन सेवाओं की समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार मुख्य बिजली निरीक्षक द्वारा नई लिफ्ट का पंजीकरण 30 दिन के अन्दर जबकि लिफ्ट का नवीनीकरण 15 दिन के अन्दर किया जाएगा। इन दोनों सेवाओं के लिए कार्यकारी अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है।

# शिक्षा केवल पढ़ाई नहीं बल्कि एक साधना भी है: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**सकारात्मक**

**विद्यार्थियों में निरंतर सीखने के साथ-साथ सकारात्मक दृष्टिकोण का होना जरूरी- राज्यपाल**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि एक साधना भी है। निरंतर सीखते रहने का नाम साधना है। सीखने की कोई समय सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को अपने जीवन में अनुशासित रहते हुए, निरंतर सीखने, मेहनत करने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए, यह सफलता व संतुष्टि दोनों में सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों, कौशल विकास के साथ-साथ चरित्रवान, शीलवान तथा आशावादी बनने का आह्वान किया। राज्यपाल दत्तात्रेय आज भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में दत्तात्रेय ने 1276 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। साथ ही 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें 43 छात्राएं शामिल थी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की तरफ से साउथ एशियन पैरा ओलंपिक की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा को समाज में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की 10 साल की विकास गाथा पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया तथा एक नई एंबुलेंस भी विश्वविद्यालय को समर्पित की। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह हमें बेहतर इंसान बनाती है, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि डिग्री केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह आपकी मेहनत, अनुशासन और ज्ञान का प्रतीक है। यह वह आधार है, जिस पर आप अपने भविष्य का निर्माण करेंगे।

### कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों से कभी घबराना नहीं है: राज्यपाल

राज्यपाल ने समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि वे आज से अपने जीवन की एक नई यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। यह यात्रा कठिन हो सकती है, लेकिन कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों से कभी घबराना नहीं है।
उन्होंने कहा कि विकसित हरियाणा के निर्माण में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी बंसीलाल का नाम सम्मान से लिया जाता है। वे हरियाणा के आधुनिक विकास के निमार्ता माने जाते हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा ने औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की। इस विश्वविद्यालय का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया। यह विश्वविद्यालय उनके उस अमिट दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो शिक्षा, नवाचार और सामाजिक उत्थान पर आधारित था।
राज्यपाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2030 तक देशभर में लागू हो रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को हरियाणा में मौजूदा वर्ष 2025 में ही लागू किया जा रहा है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने स्टार्टअप के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है।

# मृत्यु पंजीकरण का डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से करना होगा प्राप्त

**मतदाता अनुकूल**

**बीएलओ को मिलेगा मानक फोटो पहचान पत्र, सूचना पर्चियों को और अधिक मतदाता अनुकूल बनाया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। उन्होंने बताया कि आयोग अब मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (जैसा कि 2023 में संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिल सके। इससे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को फॉर्म 7 के इंतजार के बिना फिल्ट विजिट के दौरान ही पुनः सत्यापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्चियों (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन में भी बदलाव करने का फैसला किया है। पर्चियों पर मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

## डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर को मिले आयुक्त और निदेशक

**चंडीगढ़:** हरियाणा में नव-सृजित विभाग डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर को आयुक्त एवं सचिव तथा निदेशक मिल गए हैं। मत्स्य पालन तथा अभिलेखागार विभागों की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार को डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। कार्मिक, प्रशिक्षण एवं संसदीय कार्य विभाग के विशेष सचिव, निदेशक प्रशिक्षण (पदेन) तथा जांच अधिकारी, विजिलेंस डॉ. आदित्य दहिया को फ्यूचर विभाग के निदेशक का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

# भाखड़ा बांध से जलापूर्ति में कमी का असर हरियाणा पर दिखने लगा

**संकट गहराया**

**जिलों में पानी को राशनिंग शुरू कर दी गई है। सिरसा, फतेहाबाद और हिसार में पेयजल संकट गहरा गया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब सरकार के भाखड़ा बांध से पानी की मात्रा में कटौती किए जाने से हरियाणा में असर दिखाई देने लगा है। जिलों में पानी को राशनिंग शुरू कर दी गई है। सिरसा, फतेहाबाद और हिसार में पेयजल संकट गहरा गया है। नहरों में पानी का स्तर 75 फीसदी तक घट गया है। जलघरों के टैंक खाली होने लगे हैं। जिलों में पानी की राशनिंग शुरू कर दी गई है। पानी आपूर्ति करने वाले टैंकरों के दाम डेढ़ से दोगुने तक बढ़ गए हैं। हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में सिंचाई के लिए पानी न मिलने से कपास की बुआई प्रभावित हो रही है।
हिसार में जिला प्रशासन ने नहर की मोरी बंद करने के आदेश दिए हैं, ताकि नहरी पानी का कृषि कार्य में उपयोग न किया जा सके। फतेहाबाद में भी नहरी पानी की आपूर्ति सिर्फ जलघरों को भरने के लिए किया जा रहा है। फतेहाबाद में अब नहरों में 1975 क्यूसेक पानी आ रहा है। पहले जिले में 8000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता था। जिले में 8500 क्यूसेक पानी की जरूरत है।
ऐसे में पेयजल संकट के साथ ही कपास की बुआई का काम प्रभावित हो रहा है। जल संकट को लेकर बुधवार को सिंचाई विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें डिस्ट्रीब्यूटरी में रोटेशन के हिसाब से पानी छोड़े जाने को लेकर मंथन किया गया। हिसार में नहरों में चार दिन पानी आने के बाद बंद हो गया है। इससे ज्यादातर जलघर खाली हो गए हैं या उनमें नाममात्र का ही पानी बचा है। जल संघर्ष समिति ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन का एलान किया है।
चरखी दादरी जिले की नहरों को बाकरा हेड से 270 क्यूसेक पानी मिला है, जबकि सिंचाई विभाग ने 930 क्यूसेक पानी की मांग भेजी थी। भिवानी को 2250 क्यूसेक के मुकाबले मात्र 1625 क्यूसेक पानी मिला है। फिलहाल नहर बंदी चल रही है। करनाल में भाखड़ा का जलस्तर 2300 क्यूसेक से घटकर 1500 रह गया है। पानीपत में नहरी पानी पर मतलौडा व इसराना के करीब 70 गांव आश्रित हैं। पानी की कमी में इन गांवों में दिक्कत आ सकती है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली में परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**उपकरण**

**38 दिव्यांग व्यक्तियों को 4.62 लाख रुपये की इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल व सहायक उपकरण**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज अटेली विधानसभा क्षेत्र को 6.39 करोड़ रुपये की लागत की 70 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं की सौगात दी। कुमारी आरती सिंह राव ने आज कनीना में आयोजित कार्यक्रम में 3.94 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व 2.40 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने जिला रेडक्रॉस व एलीम्को के सहयोग से 38 दिव्यांग व्यक्तियों को 4.62 लाख रुपये की लागत की इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल व अन्य सहायक उपकरण भी वितरित किए। इस अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में प्राथमिक उपचार से लेकर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि यह कार्य तो केवल ट्रेलर है।

विकास की तस्वीर अभी बाकि है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। हाल ही में नागरिक अस्पताल नारनौल को एक करोड़ रुपए की लागत की ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन दी गई है, जिसमें ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट तैयार किए जा सकेंगे तथा प्लेटलेट्स के अलावा डेंगू के मरीजों के लिए फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को अच्छी शिक्षा और उससे संबंधित आधारभूत ढांचे उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। सरकार जानती है कि बच्चों का भविष्य अच्छी शिक्षा में ही है और इसी सोच को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने पर काम हो रहा है। वे चरखी दादरी में जनता कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दादरी एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रामकिशन गुप्ता को नमन करते हुए कहा कि वे दूरगामी सोच के व्यक्ति थे, जिन्होंने 1965 के समय में इस दादरी क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि उस समय शिक्षा के बारे में सोच रखना अपने आप महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस क्षेत्र के युवाओं का भविष्य संवारने की नींव रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र की तर्ज पर हरियाणा में भी शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की ओर कार्य किए गए हैं। सरकार जानती है कि बच्चों का भविष्य शिक्षा में ही है। इसी सोच को आगे बढाते हुए हरियाणा में प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक महिला महाविद्यालय खोलने का कार्य वर्ष 2014 से ही शुरू कर दिया गया था। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था के साथ सरकार ने युवाओं को स्वर्णिम भविष्य का मौका दिया है। हरियाणा में अब प्रतिभावान युवाओं को नौकरी के लिए नेताओं के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती है। युवा पढ़ लिखकर बिना पर्ची खर्ची के अपनी प्रतिभा के बल पर नौकरी प्राप्त कर रहे हैं।

# एमटीपी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर होगा लाइसेंस रद्द : सुधीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बैठक हुई, जिसमें पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई तथा राज्य में लिंगानुपात में सुधार के लिए आगे उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी सी.एच.सी और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यू.पी.एच.सी.) के प्रभारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एस.एम.ओ.) को निर्देश दिए हैं कि वे लिंग अनुपात में सुधार के लिए की जाने वाली गतिविधियों का केंद्र बिंदु बनें। सी.एच.सी. और यू.पी.एच.सी के प्रभारी एस.एम.ओ. को उनके क्षेत्र के लिंग अनुपात में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। जिन महिलाओं को पहले से ही लड़की है और जो आईवीएफ के लिए जा रही हैं, उनसे संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण किया जाना चाहिए ताकि इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) केंद्रों द्वारा लिंग चयन की संभावना को समाप्त किया जा सके। सिविल सर्जनों को जिले में निजी प्रैक्टिस करने वाली सभी महिला बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. डॉक्टरों की लाइन लिस्ट बनानी चाहिए ताकि अवैध गर्भपात की जांच की जा सके और सभी डीएंडसी मामलों को रेट्रो ट्रैक किया जाना चाहिए। हरियाणा के डीजीएचएस डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में सभी गांवों के लिंगानुपात को लक्षित दृष्टिकोण के लिए संकलित किया गया है और 700 से कम लिंगानुपात वाले 481 गांवों में 25 अप्रैल, 2025 को विशेष बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शिविर आयोजित किए गए।



**सख्ती**

**प्रभारी एस.एम.ओ. को उनके क्षेत्र के लिंग अनुपात में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए**

राज्य टास्क फोर्स के संयोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि एमटीपी केंद्रों से प्राप्त रिपोर्टों का विश्लेषण किया जा रहा है और दो जीवित लड़कियों वाली गर्भवती महिला का एमटीपी करने वाले किसी भी केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और एमटीपी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। कुल 1500 एमटीपी केंद्रों में से 384 एमटीपी केंद्रों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। 30 एमटीपी केंद्रों को नोटिस जारी किए गए हैं। पिछले चार महीनों में यानी जनवरी से अप्रैल 2025 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएनडीटी एक्ट के तहत 28 छापे मारे गए हैं।

# विधायक और मेयर ने पार्षद मदान संग किया विकास कार्यों का शुभारंभ

## हेम नगर और खन्ना कालोनी वासियों को मिलेगी सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या से निजात

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : वीरवार** सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 3 के हेम नगर, खन्ना कालोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र मदान और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि हेम नगर और खन्ना कॉलोनी में पुरानी सीवर लाइन के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले कई महीने से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते लोगों के घरों के आगे



दूषित जल भराव हो रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा यह समस्या संज्ञान में लाई गई थी, इस समस्या के निवारण हेतु नई सीवरेज लाइन डालने का टेंडर जारी किया गया था। लेकिन बीच में मेयर उपचुनाव और आचार संहिता लगने के कारण टेंडर प्रक्रिया में विलंब हुआ था, लेकिन आज सीवरेज लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। आगामी दो से तीन सप्ताह में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। कार्य के पूरा होने तक निगम द्वारा जल भराव को सुपर सकर मशीनों द्वारा दूर किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने बताया कि जल्द ही विधायक निधि,डी प्लान और वेंगी योजनाओं के तहत भी सोनीपत में विकास कार्यों की शुरूआत होगी,

**विकास पर बल**

**जल्द ही विधायक निधि,डी प्लान और वेंगी योजनाओं के तहत भी सोनीपत में विकास कार्यों की शुरूआत होगी**

जिससे सोनीपत की सूरत बदलेगी और आमजन को सुविधा मिलेगी। वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में दोनों कालोनियों में लगभग 2000 मीटर की सीवर लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन के मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद हेम नगर और खन्ना कॉलोनी वासियों को दूषित जल भराव की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए।
मेयर राजीव जैन ने कहा की वो सीवरेज समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है और जल्द ही पूरे निगम क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या को हमेशा के लिए दूर किया जाएगा।
इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, विजय अरोड़ा,राम किशन मदान,महावीर खिरबत, डॉक्टर नारंग,संजय अरोड़ा, अमन दुरेजा ,सुशील कुमार, यश गंभीर हरनाम, एस सी गुप्ता, रविंद्र शर्मा, भुवनेश सलूजा, विजय अरोड़ा, कुलदीप वत्स,हिमांशु पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

# कैडेट्स की क्षमताओं को निखारते है एनसीसी कैंप प्रो. सुनील ढींगरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स को 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप(सीएटीसी) को यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने एनसीसी ध्वज दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैंप कैडेट्स की क्षमताओं को निखारते है और उनका मानसिक, शारीरिक विकास कर नेतृत्व करने को प्रेरित करते हैं। यूआईईटी के एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा की द्वितीय



पंक्ति है । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स 1 मई से 10 मई तक होने वाले कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप में भाग लेंगे। कैडेट्स 10 दिनों तक भारतीय सेना के अधिकारियों से कैडेट्स फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, गन शूटिंग, नेतृत्व कौशल, मैप रीडिंग, फील्ड सिग्नल्स आदि विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए ये कैंप बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कैडेट्स शिवम, कैडेट प्रवेश, कैडेट गौरव, कैडेट सचिन, संचित यादव, कैडेट अजय, कैडेट अंश, कैडेट प्रिया, कैडेट ध्रुव, कैडेट विजेता, कैडेट अदिति, कैडेट मोहित श्योराण, कैडेट अर्चिता, कैडेट गौतम, कैडेट स्नेह, कैडेट धीरज कपूर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक कृष्णा गहलावत ने मच्छरोला से मेहंदीपुर तक सड़क चौड़ा करने के कार्य का किया शुभारंभ



राई ।
राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने बुधवार को विधिवत रूप से मच्छरोला से मेहंदीपुर तक सड़क को चौड़ा करने व मजबूती को लेकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इससे क्षेत्र के कई गांवों में आवागमन आसान हो जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान जारी संकल्प पत्र में किए तमाम वादों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही और भी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राई उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही जनता को सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं देने के लिए सरकार का फोकस है। इस अवसर पर बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ दिलबाग मेहरा, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल , मास्टर सत्यनारायण आंतिल , जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, विकास कौशिक, जेपी रेवली, अमरजीत सिलु ,नरेंद्र, कृष्णा मुरथल आदि मौजूद थे

### योग दिवस: ज्योतिसर में 9 मई को होगा काउंटडाउन कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र, :श्री कृष्ण आयुष** विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के काउंटडाउन कार्यक्रम की श्रृंखला में आगामी 9 मई को ज्योतिसर तीर्थ पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस काउंटडाउन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। गुरुवार को भी विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में काउंटडाउन कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं योग विभाग की चेयरपर्सन प्रो. शीतल सिंगला ने शहर की योग संस्थाओं के साथ बैठक की,जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, सहभागिता, जन जागरूकता और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नोडल अधिकारी प्रो. सिंगला ने बताया कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (आयुष मंत्रालय,भारत सरकार) द्वारा आयोजित "100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान" काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का चयन किया गया है। इस भव्य कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन व संस्थान का योग विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। कार्यक्रम में 500 से अधिक साधक हिस्सा लेंगे। इस मौके पर आयुष विभाग के योग समन्वयक डॉ. जागीर, डॉ. मंजीत,विश्वविद्यालय के योग शिक्षक योगेंद्र कुमार, स्वदेशी जागरण मंच, एबीवीपी, भारतीय योग संस्थान, योग भारती, पतंजलि योग समिति और आर्ट ऑफ लिविंग समेत अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में श्रमिक दिवस बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : आज 1 मई को लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में श्रमिक दिवस का आयोजन बड़े ही आदर और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी सहायक कर्मचारियों जैसे चालक, सफाईकर्मी, माली, गार्ड एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को उनके समर्पण और सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। विशेष रूप से चालक अजय कुमार, सुरजीत सिंह, पाली राम, राजेश कुमार, चरणजीत सिंह, गोविन्द, नरेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह के साथ-साथ सफाई कर्मचारी मुकेश, रीना, नीलम, सोनिया तथा महिला सहायक कर्मचारी संतोष, रेनू,नीतू, संजू और सुनीता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### गीता विद्यालय के लाजपत छात्रावास में मनाई गई परशुराम जयंती

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :आज श्रीमद्भगवद्गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के लाजपत छात्रावास में बहुत ही धूमधाम के साथ विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई । भारत माता की प्रतिमाओं पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान,छात्रावास अधीक्षक सुशील चौधरी,छात्रावास के लेखाकार जय प्रकाश शर्मा, संरक्षक राजकुमार राणा, वरिष्ठ छात्रावास प्रमुख अरुण कौशिक, सतीश शास्त्री, प्रिंस चौधरी, बबली कुमार, अक्षय बूरा ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन कर भगवान परशुराम की आरधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल मदान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने समाज मे एकरूपता के लिए विशेष प्रकार से शासक तथा प्रजा का मार्गदर्शन किया।

# जाट धर्मशाला की नई कार्यकारिणी ने धर्मशाला पहुंचकर की पूजा अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद ने पूरे पैनल के साथ गुरुवार को जाट धर्मशाला मे पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होने धर्मशाला मे धन्ना भगत जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर पूजा अर्चना की। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि समाज के लोगों ने उनके पैनल को जो जिम्मा सौंपा है, उसे वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगें। उन्होने स्पष्ट किया कि चुनाव 30 अप्रैल को सम्पन्न हो गए हैं, धर्मशाला मे व समाज मे कोई गुटबाजी नही है। शांतिप्रिय तरीके से चुनाव सम्पन्न हुए हैं, इसके लिए वे समाज के लोगों का धन्यवाद करते हैं। उन्होने कहा कि वे सभी पुरानी कार्यकारिणी सदस्यों व समाज के वरिष्ठ लोगों से सलाह मश्वरा करके धर्मशाला के कार्यों को गति देने का कार्य करेंगें। चुनाव से पूर्व उन्होने जो वायदे समाज के सामने किए हैं, एक-एक कार्य को वे करने का काम करेंगें। उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, खेल व स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा। इस मौके पर उनके साथ नवनियुक्त उपप्रधान बन्नी सिंह ढुल, सचिव हरकेश सहारण बारना, सहसचिव होशियार सिंह बारवा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नैन, कार्यकारिणी सदस्य गंगाबिशन सहारण, रमेश मलिक, ऋषिपाल नैन, बलविंद्र संगरोहा व जितेंद्र कैंदल मौजूद रहे।
पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि शुरूआत दौर मे ही वे समाज के लोगों से सलाह करके यहां एक बडे स्तर की लाईब्रेरी खोलने का काम करेंगें जिसमे बच्चे परिक्षाओं की तैयारी सुचारू रूप से कर सकें व देश का नाम रोशन कर सकें। इतना ही नही समाज के बच्चों के लिए हाईलेवल का कोचिंग इंस्टीट्यूट खोला जाएगा। जो बच्चे दिल्ली व चंडीगढ मे जाकर कोचिंग का खर्च वहन नही कर सकते, वे बच्चे यहां कोचिंग प्राप्त कर सकेगें।
उनकी टीम का पूरा फोकस शिक्षा, खेल व स्वास्थ्य पर रहेगा। खेलों में अग्रणी आने वाले बच्चों का हौंसला बढाने के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा। बच्चे किस प्रकार से खेलों में आगे बढें, इसके लिए भी जो बेहतर हो सके, वह कार्य किए जाएंगें।

# आयुष विश्वविद्यालय में बीएमडी जांच शिविर आज

## हड्डी संबंधी बीमारियों की जांच करेंगे विशेषज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) में आज शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा,जिसमें विशेषज्ञों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 2 मई को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में हड्डी खनिज घनत्व (इटऊ) जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में हड्डियों की सेहत से संबंधित समस्याओं जैसे- ऑस्टियोपोरोसिस,हड्डी क्षरण एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी। डॉ. चौधरी ने बताया कि कैंप सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक चलेगा। जिसमें मरीजों को हड्डियों की देखभाल, पोषण, और सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### प्रतीकात्मक दस्तावेज ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कब्जे पर कब्जा कर लिया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरूक्षेत्र : कुरूक्षेत्र** जिले के नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों का नियुक्त किया गया। पुलिस मुख्यालय पंहुचने पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अधीक्षक का स्वागत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल से मुलाकात की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों ने पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर सभी अधिकारियों और शाखाओं के अधिकारियों से मुलाकात कर परिचय लिया।

# ठगी करने के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: थाना** समालखा पुलिस ने युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 17.50लाख रूपए की ठगी के मामले में आरोपी को बुधवार को पानीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। आरोपी की पहचान रविंद्र निवासी आटा के रूप में हुई। आरोपी धोखाधड़ी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद था। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी रविंद्र को न्यायालय से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की राशि में से बचे 5 हजार रूपए बरामद कर वीरवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा



से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। थाना समालखा में मोहित पुत्र धर्मबीर निवासी कैथ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह दिसंबर 2023 में जसमत

**पूछताछ**

**आरोपी रविंद्र को न्यायालय से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की**

निवासी देहरा के माध्यम से आटा गांव निवासी रविंद्र पुत्र आजाद से मिला था। रविंद्र ने उससे कहा कि वह उसको अमेरिका भेजकर वहा अच्छा काम दिलवा देंगा। रविंद्र ने इसके लिए 40लाख रूपए मांगे। उसने रविंद्र की बातों पर विश्वास कर लिया। 28 दिसंबर 2023 को समालखा स्थित बजरंग क्रेन ऑफिस पर रविंद्र ने उससे 10 लाख रूपए कैश ले लिए। 8 जरवरी 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से 5 लाख रूपए व 20 जुलाई 2024 को 2.50लाख रूपए कैश ले लिए। 30 जुलाई को उसे मुंम्बई से सेनेगल भेज दिया। 11 अगस्त को सेनेगल से दुबई भेज दिया। इसके बाद 18 अगस्त को दुबई से वापिस भारत भेज दिया। यहा आने के बाद उसने अपने पैसे मांगे तो रविंद्र ने पैसों को भूल जाने की बात कहते हुए उसे जांन से मारने की धमकी दी। आरोपी ने अमेरिका भेजने के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी कर 17.50लाख रूपए की ठगी कर ली। मोहित की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# ब्यूटी एंड वेलनेस कोर्स पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में छात्राओं के लिए ह्यब्यूटी एंड वेलनेस कोर्सह्न पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ओरेल कंपनी पानीपत से पधारी प्रख्यात मेकअप और हेयर एक्सपर्ट मनप्रीत कौर और रूहानी चावला ने ट्रेनर ज्योति के साथ लगभग 70 छात्राओं को प्रशिक्षित किया ताकि वे अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बन सके । इस कोर्स की समन्वयक डॉ मोनिका खुराना है । माननीय मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया । विदित रहे कि इस कोर्स को सुचारू रूप से चलाने के लिए एवं आत्मनिर्भर मिशन के अंतर्गत



ह्यअर्न वाइल यू लर्नह्न के तहत छात्राओं के लिए ह्यद आर्ट ऑफ ग्रूमिंगः द ग्रूम रूमह्न भी कॉलेज में स्थापित किया गया है । इस कोर्स में फिलहाल बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की 70 छात्राओं का चयन किया गया है जिन्हें हेयर (बाल साज-सज्जा), स्किन और मेकअप का प्रशिक्षण ओरेंन अकेडमी की प्रशिक्षिका के माध्यम से दिया गया । इस कोर्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस कोर्स के लिए किसी भी छात्रा से कोई भी फीस या शुल्क नहीं लिया जा रहा है तथा ब्यूटी सेंटर में प्रयोग होने वाली सभी वस्तुओं और साजो-सामान की लागत भी कॉलेज ही वहन कर रहा है । इस कोर्स को शुरू करने का उद्देश्य छात्राओं, विशेष रूप से उन छात्राओं को जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, को आत्मनिर्भर बना कर उन्हें खुद के व्यवसाय या ब्यूटी सेंटर खोलने को प्रेरित करना है । वर्तमान में ब्यूटिशियन और ब्यूटी सेंटर कोर्स के बाद अपार संभावनाएं है । पढ़ाई के साथ यदि छात्राओं के स्किल का भी विकास हो जाए तो भविष्य में ये छात्राएं न सिर्फ खुद रोजगार पाएंगी बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने योग्य बन जायेंगी । कॉलेज के प्राध्यापकों एवं अन्य सफल एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में इन छात्राओं को स्टार्ट अप इंडिया और कौशल विकास जैसी स्कीमों के माध्यम से न सिर्फ अपने हुनर को निखारने का मौका मिल रहा है बल्कि इन्हें लेक्मे जैसी कंपनियों आदि के एक्सपर्ट्स से मिलने और सिखने का अवसर भी मिल रहा है। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि ब्यूटी एंड वेलनेस कोर्स की विधिवत शुरूआत कॉलेज इतिहास में छात्राओं के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है । आत्मनिर्भर स्कीम के अंतर्गत शुरू इस ह्यअर्न वाइल यू लर्नह्न कोर्स के लिए ह्यद आर्ट ऑफ ग्रूमिंगः द ग्रूम रूमह्न की भी कॉलेज में व्यवस्था की गई है । इस कोर्स को शुरू करने का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है और उन्हें खुद कमाई करने के लिए प्रौत्साहित करना है। छात्राओं को भी चाहिए की वे अपनी छुपी हुई प्रतिभा और हुनर के अनुरूप स्टार्ट अप इंडिया जैसी स्कीमों के माध्यम से इसे एक व्यवसाय के रूप में पढ़े और सीखे । छात्राओं को दूसरों पर निर्भर न रहकर आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनना चाहिए । डॉ मोनिका खुराना ने कहा कि ब्यूटी सेंटर का कोर्स करने के बाद छात्राएं अपना फ्री लांस ब्यूटी सेंटर खोल सकती है । इसके अलावा ब्यूटी सेंटर के काम को सीखने के बाद घर पर भी ब्यूटीशियन का काम किया जा सकता है । जीवन में कभी न कभी हर व्यक्ति अपने आप को सुंदर दिखाने के लिए मेकअप का सहारा जरुर लेता हैं । ब्यूटीशियन फेस मसाज, हेयर कट, वेक्सिंग जैसे काम करते हैं ।


**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निविदा सं. 46255133 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Supply and installation of Aerosol based fire detection and suppression system cartridge. One set consisting of 06 pieces of 100 gm. each, total 06 pieces required for each conventional EMU/MEMU motor coaches. Technical requirement as per Annexure G-1 of RDSO of specification No. RDSO/PE/SPEC/AC/0192-2018(REV-1) and RDSO letter no. EL/7.1.108/MSSBC dated 17.09.2021. Location of installation of Aerosol based fire detection and suppression system cartridge in EMU/MEMU motor coaches shall be as per RDSO letter no. EL/0.3.1 dated 19.09.2023. | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹69,38,400/- (उनहत्तर लाख अड़तीस हजार चार सौ रूपये) | मात्रा | 100 Set |
| निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 24.05.2025 (11:00 Hrs.) | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 24.05.2025 (11:00 Hrs.) |
| वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

टिप्पणीः (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।
एनआईटी सं.: 46255133 दिनांक: 30.04.2025
1290/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर०संचार अभि० / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_12 dated 01.05.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | दिल्ली डिवीजन के उत्तरी रेलवे के विभिन्न एबीएसएस स्टेशनों पर ओएफसी / क्वाड / संकेतक केबलों की खाई खोदना और बिछाना अन्य टेलीकॉम कार्यों के साथ। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 75,50,989.60/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 1,51,000.00/- |
| 5. | समापन अवधी | 06 महीने |
| 6. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 23.05.2025 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.05.2025 को 11.30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्याः- GSU_DLI_SNT_12 dated 01.05.2025 1291/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 30.04.2025
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82251200A | लिराग्लूटाइड पेन इंजेक्शन 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (लॉन्ग एक्टिंग इन्सुलिन) | 3826 | 23.05.2025 |

निविदा शर्तेः- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 1271/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 सीआरपीसी देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अफजल पुत्रः अब्दुल हक 2. अकील पुत्र नूर मोहम्मद** दोनों निवासीः **मौहल्ला पीर खान, थाना गुलावठी, जिला बुलन्दशहर, यू.पी.** ने case **e-FIR No. 5300/2019 U/s 379/411/34 IPC, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **1. अफजल 2. अकील** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अफजल 2. अकील** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **e-FIR No. 5300/2019 U/s 379/411/34 IPC, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. अफजल 2. अकील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 108, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5150/NW/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन** पुत्र उमा शंकर निवासी गाँव हुसैनपुर, थाना देहात कोतवाली, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश **दूसरा पताः** मकान नं. सी-24, गली नं. 9, नांगलोई, अमर कॉलोनी, दिल्ली **तीसरा पताः** बी-22, गली नं. 2, अग्रवाल स्वीट्स के पास, अमर कॉलोनी, कमरूद्दीन नगर, नांगलोई, दिल्ली **चौथा पताः** ई-43, कमरुद्दीन नगर, दुर्गा मंदिर, नांगलोई, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 127/19 धारा 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत थाना फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **किशन** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **किशन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 127/19 धारा 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत थाना फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **किशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.07.2025** को हाजिर हो।
आदेशानुसारः श्री अखिल मलिक,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, (पूर्व)
कोर्ट नं. 38,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/5224/SHD/2025

## संपादकीय

# खेलो इंडिया में दिखेगा बिहार का दमखम

विकास के साथ जिस सर्व-समावेशिता की बात आज विश्व बैंक से संयुक्त राष्ट्र तक हर मंच पर होती है, उसके लिए हो रहे प्रयास देश के संघात्मक ढांचे की नई चमक को जाहिर कर रहे हैं। इस लिहाज से सबसे दिलचस्प है खेलों की दिशा में राज्यों का शानदार प्रदर्शन। जिस आयोजन की आज पूरे देश में चर्चा है, वह है खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025। इस बार यह अहम आयोजन न सिर्फ बिहार में हो रहा है बल्कि प्रदेश के पांच शहरों में इससे जुड़ी खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। ये शहर हैं- पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और बेगूसराय। बिहार जैसे सूबे में इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय खेल आयोजन के मायने गहरे और बहुस्तरीय हैं। कुछ दशक पहले तक बिहार वैसे राज्यों में शुमार होता था, जिसके विकास की संभावनाओं पर लगातार नकारात्मक तरीके से विचार किया गया। दरअसल, इस पूरे संदर्भ का आगाज 1980 के दशक में तब हुआ, जब जनसांख्यिकी और आर्थिक नीतियों के विश्लेषक आशीष बोस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को एक रिपोर्ट सौंपी। बोस ने इस रिपोर्ट में देश के चार बड़े राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को ह्यबीमारूह्ण राज्य बताया। पर बीते दशकों में यह स्थिति लगातार बदली है। इस दौरान विकास को लेकर इन राज्यों के विकास का नया चरित्र उभरा है। बात अकेले उस सूबे की करें जहां इस बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का मेगा आयोजन हो रहा तो यह इस सूबे की खेल संस्कृति और उस दिशा में हो रही प्रगति की ओर स्वभाविक तौर पर ध्यान ले जाता है। आज की तारीख में ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और बौद्धिक परंपराओं के लिए मशहूर बिहार खेल के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी में बिहार का दमखम खासतौर पर दिखा है। बिहार की दृष्टि से यह बड़ा बदलाव है। खेलों की मेजबानी में बिहार को प्राथमिकता मिलने के पीछे कई अहम कारण हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार ने बीते दो दशकों में स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग सेंटर और आधुनिक खेल सुविधाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। यही कारण है कि राजगीर को एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी मिली। पटना का पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए तैयार है। मुजफ्फरपुर, गया और भागलपुर में भी नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। खेलों के आयोजन से बिहार जैसे राज्य की अर्थव्यवस्था को बहुआयामी लाभ मिल रहा है। दरअसल, जब कहीं भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होती है, वहां हजारों खिलाड़ियों, कोच, आयोजकों और दर्शकों का आगमन होता है। इससे होटल, रेस्तरां, परिवहन, लोकल मार्केट और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिलता है। हाल ही में पटना में आयोजित राष्ट्रीय खेल आयोजन के दौरान होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 40 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे स्थानीय व्यापारियों को सीधा लाभ हुआ। खेल आयोजनों से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलता है। खेलों को बढ़ावा देने वाले राज्य में कॉरपोरेट कंपनियां, स्पॉन्सर और खेल ब्रांड निवेश करने के लिए आकर्षित होते हैं। बिहार में अब कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल ब्रांड अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में देश विरोधी एजेंडा



-रोहित माहेश्वरी

> "अपुष्ट समाचारों को प्रकाशित- प्रसारित होने से रोकने के लिए ठोस रीति-नीति अपनाने की आवश्यकता है। वही देश के अंदर बैठे देशद्रोहियों का उचित कानून और विधायी इलाज भी जरूरी है। अगर देश के प्रति आपको प्यार, वफादारी और अपनापन नहीं है तो आप देश के नागरिक कहलाने के हकदार भी नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में देशविरोधी एजेंडा किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है।"

**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद पूरे देश में पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ गुस्से का माहौल है। पीएम मोदी ने सार्वजनिक मंच और मन की बात में आतंकियों और उनके संरक्षकों को को सख्त से सख्त और अकल्पनीय सजा दिए जाने का वायदा देशवासियों से किया है। देशवासियों को पीएम मोदी के वादे पर पूरा भरोसा भी है। सुरक्षा एजेंसियां इस घटना की जांच में दिन रात एक किये हैं। लेकिन, देश में चंद ऐसे लोग भी हैं, जो अपनी हरकतों से जानबूझकर या अनजाने में देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत कर रहे हैं। देशभर में ऐसे तमाम मामले सामने आए हैं, जिसमें कथित रूप से देश-विरोधी और पाकिस्तान-समर्थक आचरण के लिए या तो लोगों को गिरफ्तार किया गया है या कड़ी से कड़ी कानूनी धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब देश के अंदर से ही दुश्मन के हाथ मजबूत करने वालों की आवाजें सुनाई दी हैं। पूर्व भी ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके हैं। आज के दौर में लड़ाई केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ी जाती, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म भी इस लड़ाई में अहम भूमिका निभाते हैं। वास्तव में देश के अंदर एक तबका ऐसा है जो खाता तो यहां की है, लेकिन गुणगान देश विरोधियों का करता है।

पाकिस्तान अपने दस्तावेजों में भारत के नेताओं के बयान शामिल कर चुका है। ऊपरी तौर पर ऐसा लगता है कि ये सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे हें, लेकिन अगर थोड़ा ध्यान से देखे तो ये गैंग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सरकार की नीतियों की बजाय देश विरोध करता है। इन देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों का कई राजनीतिक दलों और संगठनों का खुला समर्थन प्राप्त है। उन्हीं के दम पर ये लोग सोशल मीडिया और प्रचार के अन्य माध्यमों से देश विरोधी विचारों का फैलाव करके दुश्मनों के दावों और हाथों को मजबूत करते हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सोशल मीडिया पर ये गैंग सक्रिय है। लगातार सरकार के फैसलों पर निशाना साधा जा रहा है। इस गैंग का मकसद मुद्दे को भटकाना और अपने हिसाब से नैरेटिव सेट करना है। जगजाहिर है कि



आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्याएं की, लेकिन देश विरोधी गैंग यह साबित करने में जुटा है कि ऐसा नहीं हुआ। यह हालात तब हैं जब पीड़ितों के परिवार वालों ने कैमरों के सामने स्वीकार किया है कि आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कड़े कदम उठा रही है। पाकिस्तान की अक्ल ठिकाने लगाने के लिये भारत सरकार ने सिंधु जल संधि रद्द करने से लेकर तमाम दूसरे कड़े फैसले लिए हैं। जिनका असर जमीन पर दिखाई भी देने लगा है। सिंधु जल समझौते का रद्द करने के बाद से पाकिस्तान की हालत पतली हो चुकी है। सिंधु जल समझौते के रद्द होने के बाद पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होंगे, यह लिखकर रख लीजिए। लेकिन देशविरोधी गैंग इस मामले में भी पाकिस्तान की हिमायत करता दिख रहा है। वो इस फैसले के बरक्स सवाल उठा रहा है। पानी रोक तो लेंगे, लेकिन इस पानी का रखा कहां जाएंगा? भारत के पास पानी रोकने की कोई व्यवस्था ही नहीं है? रोके हुए पानी का क्या होगा? भारत विश्व बैंक की सहमति के बिना पानी रोक ही नहीं सकता? कुछ लोगों की गलती की सजा पूरे पाकिस्तान को नहीं मिलनी चाहिए आदि आदि। ताजा फैसले में केंद्र केंद्र सरकार ने भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ झूठे, भ्रामक बयान और गलत सूचना प्रसारित करने वाले 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया है। देशविरोधी गैंग को दर्द इस बात से भी है कि सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया है। इसे लेकर भी तमाम पोस्ट सोशल मीडिया के मंचों पर दिख रहे हैं। ये सारे वीडियो और पोस्ट उन भारतीयों के हैं, जो देश की सरकार से सवाल पूछने की आड़ में दुश्मन के हाथों को मजबूत करने में दिन रात पसीना बहा रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी हो रही है। इनमें से कई प्रभावशाली लोग भी हैं, जिन्हें पता है कि उनकी हरकतों से देश की लड़ाई कमजोर हो सकती है। ऐसे लोगों को देशद्रोही कहना सही है?

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश भर में गुस्से का माहौल है। हमले का विरोध करते हुए कुछ लोग सड़क पर पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर चिपका रहे हैं। पाक झंडे को रोड पर चिपका देने से वहां से गुजरते वक्त लोग उस पर पैर रखकर चलते हैं। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कुछ लोगों को इससे भी परेशानी है। सोशल मीडिया पर कर्नाटक का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सड़क पर चिपकाए गए पाक झंडे के स्टीकर को कुछ मुस्लिम महिलाएं उखाड़ रही हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो-तीन मुस्लिम महिलाएं आती हैं और कहती है यह गलत है हमारा दिल दुखता है और वह पाकिस्तानी झंडे को सड़क से उखाड़ती हैं और अपने साथ लेकर चली जाती हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि हिंदुस्तान से ज्यादा इन्हें पाकिस्तान से प्यार है। भारत में रहने वाले समुदाय विशेष के पाक प्रेम को लेकर लोग तंज कस रहे हैं। पाक समर्थित आतंकवाद का दंश दशकों से भारत झेलता आ रहा है। लेकिन आम आदमी यह भावना है कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है। देश की भावनाओं और उत्साह के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक तौर पर आतंकियों को कठोर सजा देने का वादा देशवासियों से किया है। लेकिन रक्षा मामलों के जानकार देशद्रोही गैंग के अलावा ह्यकश्मीर के जयचंदोंह्ण को, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में, बड़ी बाधा मानते हैं। वे संख्या में भी काफी हैं और ताकतवर भी हैं। जब तक इन जयचंदों को मिट्टी में नहीं मिलाया जाएगा, तब तक भारत आतंकवाद का समूल विनाश नहीं कर सकता। ये ह्यजयचंदह्ण आतंकियों के स्थानीय गिरोह हैं, स्लीपर सेल हैं और पनाहगाह भी हैं।

पहलगाम हादसे के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट सूचनाओं की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे लोग व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स और यूट्यूब पर अपने गलत उद्देश्य को सही सिद्ध करने के लिए गलत तर्क रखकर आम लोगों का ब्रेनवाश करने में लगे हुए हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि हम इन्हें बिना सोचे-समझे सच मान लेते हैं। एक समझदार और सभ्य नागरिक होने के नाते वर्तमान परिस्थिति ही नहीं बल्कि हमेशा हमें सोशल मीडिया पर सूचनाओं को साझा करने और उन पर विश्वास करने से पहले उनकी सत्यता की जांच करनी चाहिए।

वहीं अपुष्ट समाचारों को प्रकाशित- प्रसारित होने से रोकने के लिए ठोस रीति-नीति अपनाने की आवश्यकता है। वही देश के अंदर बैठे देशद्रोहियों का उचित कानून और विधायी इलाज भी जरूरी है। अगर देश के प्रति आपको प्यार, वफादारी और अपनापन नहीं है तो आप देश के नागरिक कहलाने के हकदार भी नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में देशविरोधी एजेंडा किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# मर्यादा लांघते रिश्तों से कलंकित होता समाज

**डॉ.सुधाकर आशावादी**

भारतीय समाज में रिश्तों का समृद्ध संसार सामाजिक मयार्दा और नैतिकता का उत्कृष्ट अध्याय हुआ करता था। तुलसीकृत रामचरित मानस केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं, अपितु रिश्तों की नियमावली प्रस्तुत करने वाली आचार संहिता का बोध कराने में समर्थ रही है, किन्तु वर्तमान में रिश्तों की मयार्दा तार तार करते कुछ प्रसंग प्रकाश में आये हैं, जिनसे ऐसा प्रतीत होता है कि भौतिक युग में आत्मीय रिश्तों के बीच स्थापित मयार्दा की लकीर नष्ट हो चुकी है। यदि ऐसा होता, तो बुआ- भतीजे, दादी- पोते, सास-दामाद, समधी-समधन जैसे सम्मानजनक रिश्तों के बीच प्रेम प्रसंगों के किस्से प्रकाश में न आते। पति और पत्नी के प्रेम में इतनी नीरसता न आती। पति अपनी पत्नी का अथवा पत्नी अपने पति की हत्या करने से पहले हजार बार सोचते। मयार्दा लांघते रिश्तों से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, कि आत्मीय रिश्तों में भी संदेह की खटास उत्पन्न हो चुकी है। विचारणीय बिंदु है कि जिन रिश्तों को जन्म जन्मांतर का रिश्ता बताकर गृहस्थ जीवन की स्थापना की जाती है. वही रिश्ते आजकल संदेह के घेरे में आने लगे हैं। स्त्री पुरुष संबंधों में स्वच्छंदता की अवधारणा ने समाज द्वारा स्थापित मर्यादित आचरण को तार तार कर दिया है। कारण चाहे कुछ भी रहा हो। सोशल मीडिया, यू ट्यूब, वेब सीरीज पर कत्ल जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने के तरीके दिखाए जाने का मसला हो या दैहिक अवैध संबंधों में पति और पत्नी के मध्य किसी दूसरे किरदार का आ धमकना। ऐसी स्थिति में पति और प्रेमी के मध्य किसी एक के प्रति अधिक आकर्षण लोमहर्षक जघन्य अपराध की पृष्ठभूमि तैयार करने अहम भूमिका निभाता है।

देश में आए दिन पति द्वारा पत्नी का कत्ल या पत्नी द्वारा प्रेमी साथ मिलकर पति के कत्ल की घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं। इस प्रकार की घटनाओं का कारण स्पष्ट नहीं हो पाता। फिर भी हत्या के बाद लाश के साथ की जाने वाली दरिंदगी समाज में आदिम युग जैसी बर्बरता का बोध कराती है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश के मेरठ में पत्नी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या के समाचार देश भर के मीडिया सुर्खियां बने रहे। पति का कत्ल करके उसकी लाश को पंद्रह टुकड़ों में विभक्त करके प्लास्टिक के ड्रम में डालना तथा सीमेंट के घोल से लाश को जमाने का प्रयास वीभत्स क्रूरता का परिचायक था। इसके उपरांत भी पत्नी का प्रेमी के साथ पर्वतीय क्षेत्र में जाकर रंगरेलियां मनाना यही सिद्ध कर गया कि रिश्तों का कत्ल करके कोई किस प्रकार से बेखौफ रह सकता है। बहरहाल यह रिश्तों का एक उदाहरण है। इसके ठीक विपरीत भी ऐसे प्रसंग प्रकाश में आते रहे हैं, कि जिनमें पति द्वारा अपनी पत्नी का कत्ल कर-के शव के साथ इसी प्रकार की क्रूरता की गई। लाश को अनेक टुकड़ों में विभक्त करके फ्रिज में रखा गया तथा लम्बे अरसे बाद हत्याकांड का राजफाश हुआ।

## विचार

# भोर के सूर्य की तरह सदैव प्रकाशित और पूजित महाकवि सूरदास

**डॉ. मुकेश कबीर**

**महाकवि** सूरदास को हिंदी साहित्य का सूर्य माना जाता है। उनके बारे में एक कहावत बहुत प्रसिद्ध है जो आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा रचित है -

***"सूर सूर तुलसी शशि उड़गन केशव दास,
*और कवि खदयोत सम जहां तहां करत प्रकाश"**

हिंदी साहित्य जगत में सर्वश्रेष्ठता को लेकर सूर और तुलसी में हमेशा से एक तुलना, एक चर्चा जरूर रही है और बच्चन जी को छोड़कर सभी महाकवियों ने सूर को सर्वश्रेष्ठ माना है,सिर्फ बच्चन जी ने तुलसी को सर्वश्रेष्ठ माना है।बेशक ज्ञान,भाषा और कला पक्ष की दृष्टि से तुलसी सर्वश्रेष्ठ हैं लेकिन भावपक्ष की बात करें तो सूर का कोई मुकाबला ही नहीं है। सूरदास जी की सबसे बड़ी खासियत उनकी मौलिकता और भावनात्मक गहराई ही है और यह सब उन्होंने तब लिखा है जबकि वो जन्मांध थे। उन्हें आंखों से दिखाई नहीं देता था लेकिन वे मन की आंखों से देखते थे और जैसा देखते वैसा ही गाते थे और प्रमाणिक काव्य रचते थे। उनके काव्य की प्रमाणिकता के कारण कई विद्वानों ने तो सूर का जन्मांध होना स्वीकार ही नहीं किया,उनका तर्क है कोई भी जन्मांध व्यक्ति श्रृंगार का इतना सटीक वर्णन कैसे कर सकता है। इस संदर्भ में वैष्णव संप्रदाय में तो एक किस्सा बड़ा मशहूर है कि सूरदास के श्रृंगार और सौंदर्य वर्णन की सटीकता के कारण लोगों को शक होता था कि या तो सूरदास जी अंधे होने का नाटक करते हैं या किसी से श्रृंगार के बारे में पूछकर काव्य रचना करते हैं। इसी की पुष्टि के लिए एक दिन पुजारी जी के बेटे ने श्रीनाथ जी को कोई श्रृंगार ही नहीं कराया और सिर्फ मोतियों की माला धारण करा दी और साथ ही सूरदास जी से पहले किसी को दर्शन करने की अनुमति भी नहीं दी। लेकिन तभी सूरदास जी का आना हुआ और आते से ही उनकी नजर श्रीनाथ जी के स्वरूप पर पड़ी तो उनको जोर से हंसी आ गई तब पुजारी जी ने उनसे हंसी का कारण पूछा तो सूरदास जी ने तुरंत एक पद सुनाया *"आज हरि देखे नंगम नंगा ,बसंहीन छवि उठति तरंगा"* इतना सुनते ही पुजारी जी सूरदास जी के पैरों में गिर गए और क्षमा प्रार्थना भी की। यह किस्सा अक्सर धार्मिक चचाओं और भागवत कथाओं काफी सुना सुनाया जाता है। अगर हम केवल साहित्यिक नजरिए से देखें तो भी सूरदास की रचनाओं में अद्भभुत गहराई मिलती है। उनका भावपक्ष इतना प्रबल है कि उनको पढ़ते पढ़ते सामान्य जन भी भाव विह्लल जो जाते हैं। सूरदास की भक्ति और भावनात्मक गहराई का ही परिणाम है कि आज बालकृष्ण और लड्डू गोपाल की पूजा घर घर में हो रही है। आज हमें बालक कृष्ण के दही से सने हुए हाथ और होंठ के जो फोटो देखने को मिलते हैं उसकी सबसे पहली परिकल्पना सूरदास जी ने ही की थी। बालक कृष्ण का चोरी चोरी माखन खाना,या माखन खाते हुए मटकी फैला देना और अपने नन्हे हाथ और नाजुक होंठो को माखन से सना लेना यह सब सूरदास जी की दिव्य दृष्टि की ही देन है, उनसे पहले बालकृष्ण का ऐसा अद्भुत वर्णन किसी ने नहीं किया। सूरदास जी मन की आंखों से बालक कृष्ण की लीलाएं देखते थे और फिर उनको गाते थे इसीलिए उनको वैष्णव संप्रदाय का तो जहाज भी कहा जाता है। सूरदास ही थे जो वैष्णव खासकर वल्लभ संप्रदाय के मूल भाव को जन जन तक पहुंचा सके इसीलिए अष्टछाप के कवियों में सूरदास जी का सर्वोत्कृष्ट स्थान है,वो न सिर्फ आचार्य बल्लभ के शिष्य थे बल्कि उनके विचार और भाव को शब्दों के जरिए मूर्त रूप भी देते रहे इसीलिए आज तक वैष्णव मंदिरों में सूरदास के पद गाए जाते हैं,मंदिरों से ही उनके पद साहित्य में आए और साहित्य से भजन का रूप लेकर मंचों तक आए ,आज देश में एक भी ऐसा भजन गायक नहीं हैं जो सूरदास के पद न गाता हो और एक भी कथा वाचक ऐसा नहीं है जो सूरदास जी के पदों के बिना भागवत कथा करता हो। यह सूरदास जी के भाव पक्ष की ही प्रबलता है कि आज पांच सौ साल बाद भी लोग उनके काव्य को सुनकर गदगद हो जाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारत ने पाक के विरुद्ध युद्ध की घोषणा किए बिना बढ़त बना ली

**डा मनमोहन प्रकाश**

**पाक** अधिकृत आतंकियों द्वारा पहलगाम में भारतीय नागरिकों–विशेष रूप से एक धर्म विशेष के श्रद्धालुओं–पर हुआ हमला, देशवासियों के लिए एक और पीड़ादायक स्मृति बन गया है। यह घटना न केवल जनमानस को शोक और आक्रोश से भरने वाली रही, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सरकार और स्थानीय नागरिकों ने भी एक स्वर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा प्रतिरोध प्रकट किया। भारत और विदेशों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए तथा पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग जोर पकड़ने लगी। परंतु प्रश्न यह है–क्या हम केवल भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से संतोष करते रहेंगे? क्या हर बार सीमित जवाब देकर रह जाना ही हमारी नियति बन गया है, या अब समय आ गया है कि एक दीर्घकालिक, निर्णायक रणनीति की ओर बढ़ा जाए?

भारत की नीति सदैव स्पष्ट रही है–"आतंकवाद और संवाद एक साथ नहीं चल सकते"। इसी आधार पर पाकिस्तान के साथ औपचारिक वाताएं स्थगित कर दी गई हैं और यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया है कि जब तक वह अपनी धरती से आतंक के ढांचे को समाप्त नहीं करता, संबंध सामान्य नहीं हो सकते। वर्तमान केंद्र सरकार इस पर गंभीर विमर्श में है कि पाकिस्तान को कब, कैसे और किस रूप में जवाब दिया जाए। जनाकांक्षाओं और राजनीतिक दबाव के बीच, यह चुनौतीपूर्ण है कि भावनात्मक आवेगों से हटकर संयम, संतुलन और रणनीतिक दृष्टिकोण से निर्णय लिया जाए। मेरा मानना है कि कोई भी प्रतिक्रिया तभी सार्थक होगी, जब वह राष्ट्रीय हित, वैश्विक छवि और दीर्घकालिक परिणामों को केंद्र में रखकर दी जाए। भारत की वैश्विक छवि एक शांतिप्रिय लेकिन सामर्थ्यवान राष्ट्र की है–परमाणु संपन्न, किंतु उत्तरदायी लोकतंत्र के रूप में। इस छवि को अक्षुण्ण रखते हुए हमें अपने रणनीतिक विकल्पों को सशक्त बनाना होगा। वर्तमान में भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय रणनीतिक दबाव की नीति अपनाई है, जो अधिक प्रभावी सिद्ध हो रही है। सिंधु जल संधि की पुनर्समीक्षा, वायु व जलमार्गों पर प्रतिबंध, द्विपक्षीय व्यापार का पूर्ण बहिष्कार किया।

# चाय, चमचा और चुटकी नमक

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कहते** हैं कि अगर आपकी चाय में नमक पड़ जाए तो या तो आप बहुत बड़े नेता बनने वाले हैं, या फिर किसी ने आपके जीवन की मिठास में सेंध लगा दी है। मेरे मोहल्ले के शशिकांत जी ने दोनों कर डाले झ्र नेता भी बन गए और मोहल्ले की बहुओं की आँखों से गंगाजल भी बहवा दिया। वो जब सुबह-सुबह अपनी बीवी को "गुड मॉर्निंग" कहते थे तो बीवी नमकदानी फेंक देती थी तुमसे तो गुडनाइट ही बेहतर है। मोहल्ले में कोई मरता, तो शशिकांत जी सांत्वना देने से पहले पूछते, मौत अचानक हुई या रूटीन की? उनके चेहरे पर हमेशा एक स्थायी व्यंग्य होता मानो जिंदगी को उन्होंने ईएमआई पर ले रखा हो। पिछले महीने उन्होंने समाज सेवा का नया स्टार्टअप खोला चाय विद चुटकी। उद्देश्य था झ्र एक कप में समाज की सारी समस्याओं को घोलना और फिर उसे गर्मागरम परोस देना। लेकिन पहले ही दिन समस्या घुल नहीं पाई, चाय में नमक घुल गया। वो चाय पीने वालों से बोले, भाइयों और बहनों, यह चाय नहीं, व्यवस्था का घड़ा है पी जाओ, तभी तो सुधार होगा। लोगों ने पिया... और उल्टी भी की। पर शशिकांत जी मुस्कराए क्रांति ऐसे ही होती है। हर मोहल्ले में एक चमचा होता है। पर शशिकांत जी के यहाँ तो चमचों की पूरी पंचायत थी झ्र रामलाल, जमुना प्रसाद, और विमलेश। ये लोग हर बात पर ताली बजाते झ्र वाह साहब! आपने तो गधे को भी घोड़ा बना दिया! शशिकांत जी मुस्कराते, सही पकड़े हैं। उन्होंने हर समस्या का हल चाय में ढूंढा झ्र बेरोजगारी? एक चाय दो, नौकरी लग जाएगी। गड्ढों वाली सड़क? चाय पर चर्चा कर लो, सड़क तो न बदलेगी, मन जरूर बदल जाएगा। एक बार तो उन्होंने कहा झ्र जीडीपी गिर रही है? कोई बात नहीं, कप तो उठ रहा है न? और पूरा मोहल्ला हँसते-हँसते रो पड़ा। घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें पापा नहीं, पब्लिक स्पीकर कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते झ्र बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं। बेटे ने एक बार कहा, पापा, स्कूल में सब मेरा मजाक उड़ाते हैं। जवाब मिला तो क्या हुआ?

## न्यूज फ्लैश

### रौनक पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में श्रमिक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रार्थना सभा, भाषण, प्रश्नोत्तरी, नृत्य-संगीत व लघु नाटिका के माध्यम से श्रमिकों के योगदान को सराहा गया। सभी श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

### नव ज्योति व जीवीपी स्कूल ने मजदूरों को भेंट की चप्पल



**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर व गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार गन्नौर ने संयुक्त रूप से लेबर डे मनाया। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला गढ़ी केसरी में मजदूरों को चप्पल पहनाकर सम्मानित किया व उनके साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शकुंतला कौशिक, संजीत कौशिक व राजेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। उन्होंने मजदूरों के महत्व व सम्मान पर प्रेरणादायक संदेश दिए।

### थैंक्स गिविंग डे के रूप में मनाया



**गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 1 मई** को मजदूर दिवस को थैंक्स गिविंग डे के रूप में मनाया गया। छात्रों ने भाषण, कविता व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहायक कर्मचारियों के योगदान को सराहा और उनका आभार भी जताया। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने सहयोग की भावना पर बल दिया। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल ने श्रमिकों को भेंट देकर सम्मानित किया और उनके समर्पण की सराहना की।

### बाल भवन स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को किया सम्मानित



**गन्नौर। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में** श्रमिक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा पहली व दूसरी के छात्रों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को चाकलेट व स्वयं बनाए कार्ड भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने छात्रों के प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस पहल से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होगा।

### बीआर ग्लोबल स्कूल के तनिष ने राष्ट्रीय ड्रैगन नौका रेस में जीता कांस्य




**यादव। गन्नौर। खेड़ी** रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल के होनहार छात्र तनिष ने 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन नौका रेस चैंपियनशिप के जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में हुआ था। तनिष की इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अब उसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप प्रधानाचार्या मंजू सहरावत, खेल प्रशिक्षक विशाल व अन्य शिक्षकों ने तनिष को बधाई दी।

# गांव में खेल स्टेडियम के हॉल व पशु अस्पताल व मंदिर की चारदिवारी का किया उदघाटन

## गांवों का चहुंमुखी विकास प्राथमिकता, शहरी तर्ज पर करेंगे गांवों का विकास : गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने खेवड़ा गांव को विकास की नई सौगात देते हुए ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया। उन्होंने गांव में खेल स्टेडियम के सभागार सहित पशु अस्पताल व मंदिर की नव निर्मित चारदिवारी का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि गांवों का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों के विकास को समर्पित विधायक कृष्णा गहलावत हलके के हर गांव के विकास को लेकर प्रयासरत है। गांवों के विकास के लिए ग्रामीणों की हर मांग को पूरा करवाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इस कड़ी में उन्होंने खेवड़ा गांव को विकास का तोहफा प्रदान किया है। उन्होंने खेवड़ा गांव के खेल स्टेडियम में बनवाये गये सभागार



सहित पशु अस्पताल की चारदिवारी और बाबा रामलाल मंदिर की चार दिवारी के निर्माण को लोकार्पण किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने विकास के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास उनकी खुद की जिम्मेदारी है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन वे बेहद ईमानदारी व कर्मठता के साथ पूर्ण करती हैं। इसलिए ग्रामीणों को गांवों के विकास को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वयं संज्ञान लेकर विकास को अग्रसर है। ग्रामीणों द्वारा रखी जाने वाली मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने को प्रयासरत रहती हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हर गांव में विकास के नये आयाम स्थापित किये जायेंगे। गांवों की कायाकल्प की जाएगी, जिसके लिए विकास पथ पर और तीव्र गति से आगे बढ़ेंगे। गांवों की कोई भी फिरनी अधूरी नहीं छोड़ेंगे। सडक्मार्गों को भी दुरूस्त करवाया जा रहा है। बेहतरीन सडक् व्यवस्था से विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही गांवों में मूल सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत को फूलमालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच बहादुर,भाजपा युवा नेता जसपाल आंतिल, भाजपा के जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, नरेंद्र वर्मा,द अजय, सोविंद्र उर्फ ढ़िला, अशोक कौशिक, यज्ञदत्त शास्त्री, सुमित आंतिल, सूरजमंल आंतिल और मोनू आंतिल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में शिकायतों का हो रहा त्वरित समाधान-एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एसडीएम अनिल** कुमार यादव ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन में भरोसा समय के साथ और बढ़ता जा रहा है। शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में वीरवार को महेंद्रगढ़ में आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम अनिल कुमार यादव ने नागरिकों की 47 समस्याओं पर सुनवाई की। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। एसडीएम ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए।

## जमीनी विवाद के चलते किया जानलेवा हमला

**गन्नौर। गांव पांची जाटान** में जमीनी विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। शिकायत में पांची जाटान गांव की पूनम ने बताया कि 19 अप्रैल की रात को उसके पति मनजीत के साथ गांव के बलवान ने झगड़ा किया और उस झगड़े के दौरान उसे जान से मारने की कोशिश की। झगड़े में उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अब रोहतक पीजीआई में चल रहा है। आरोप है कि इससे पहले भी बलवान उसके पति को दो बार मारने की कोशिश कर चुका है। आरोपित बलवान ने उसके साथ भी जमीन को ले कर 7 साल पहले झगड़ा किया था।

## विधायक ने खेवड़ा गांव को दी विकास की नई सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई-सोनीपत। राई हलका** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने खेवड़ा गांव को विकास की नई सौगात देते हुए ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया। उन्होंने गांव में खेल स्टेडियम के सभागार सहित पशु अस्पताल व मंदिर की नव निर्मित चारदिवारी का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि गांवों का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों के विकास को समर्पित विधायक कृष्णा गहलावत हलके के हर गांव के विकास को लेकर प्रयासरत है। गांवों के विकास के लिए ग्रामीणों की हर मांग को पूरा करवाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इस कड़ी में उन्होंने खेवड़ा गांव को विकास का तोहफा



प्रदान किया है। उन्होंने खेवड़ा गांव के खेल स्टेडियम में बनवाये गये सभागार सहित पशु अस्पताल की चारदिवारी और बाबा रामलाल मंदिर की चार दिवारी के निर्माण को लोकार्पण किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने विकास के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास उनकी खुद की जिम्मेदारी है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन वे बेहद ईमानदारी व कर्मठता के साथ पूर्ण करती हैं। इसलिए ग्रामीणों को गांवों के विकास को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वयं संज्ञान लेकर विकास को अग्रसर है। ग्रामीणों द्वारा रखी जाने वाली मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने को प्रयासरत रहती हैं।
विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हर गांव में विकास के नये आयाम स्थापित किये जायेंगे। गांवों की कायाकल्प की जाएगी, जिसके लिए विकास पथ पर और तीव्र गति से आगे बढ़ेंगे। गांवों की कोई भी फिरनी अधूरी नहीं छोड़ेंगे। सडकमार्गों को भी दुरूस्त करवाया जा रहा है। बेहतरीन सडक व्यवस्था से विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही गांवों में मूल सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

## सब्जी मंडी में रेहड़ी चालक ने सफाई कर्मी से की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। सब्जी मंडी के** पास एक रेहड़ी चालक ने सफाई कर्मचारी से मारपीट कर दी। इससे नाराज सभी सफाई कर्मचारी काम छोड़कर नगर पालिका कार्यालय में हड़ताल पर चले गए और सरकार के प्रति नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों की हड़ताल की सूचना एसडीएम को दी गई। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनिल कुमार यादव ने सफाई कर्मचारियों को मारपीट करने वाले रेहड़ी चालक को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया और पुलिस को आदेश दिए कि तुरंत प्रभाव से मारपीट करने वाले रेहड़ी चालक को पकड़ने के आदेश दिए, हालांकि पुलिस तुरंत प्रभाव से रेहड़ी चालक को सिटी थाने ले आई। इसके बाद कर्मचारी काम पर लौट आए। इसके बाद कर्मचारियों ने सचिव के नाम व सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत दी गई। हालांकि दोपहर बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया हैं। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी रामू ने पुलिस को बताया कि वह सुबह सब्जी मंडी के बाहर झाडू लगा रहा था और कूड़ा उठा रहा था। तभी सब्जी मंडी गेट के बाहर एक रेहड़ी वाले ने उससे कहा कि आप मेरी रेहड़ी के पास कूड़ा एकत्रित क्यों कर रहे हो। यहां से उसे उठाओ। तब रामू ने कहा कि वह सब्जी मंडी में झाडू नहीं लगता।

## गर्मी में पानी की किल्लत नहीं होगी, नहर में छोड़ा पानी: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान** ने कहा कि गर्मी में लोगों को पानी की परेशानी न हो, इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग पूरी गंभीरता से काम करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय शेड्यूल के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गुरुवार को विधायक कादियान ने बादशाही रोड स्थित जलघर का निरीक्षण किया। नहर सूखने से जलघर के टैंकों में पानी की मात्रा कम हो गई थी। शहर में संकट न बने, इसके लिए विधायक ने



पब्लिक हेल्थ और नहरी विभाग के उच्चाधिकारियों से फोन पर बात की। दोपहर बाद नहर में पानी छोड़ा गया। अब जलघर में पानी की कमी नहीं होगी। विधायक ने जलघर के टैंक में पानी पहुंचने की प्रक्रिया देखी। सफाई व्यवस्था बनाए रखने और टैंक नियमित भरवाने के निर्देश दिए। जलघर परिसर में बनी पानी जांच लैब का भी निरीक्षण कर रिपोर्ट देखी। जो खामियां सामने आईं, उन्हें जल्द ठीक करने को कहा। कादियान ने बताया कि पिछले एक महीने से राजपुर माइनर नहर में पानी नहीं आ रहा था। इससे जलघर के टैंक खाली हो रहे थे। जानकारी मिलने पर उन्होंने निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से बात की। अब नहर में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा, शहर के किसी भी इलाके में पानी की आपूर्ति बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जहां भी आपूर्ति में रुकावट हो, उसे तुरंत ठीक किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार समान विकास की सोच के साथ काम कर रही है। हलके के लोगों को बेहतर चिकित्सा, शिक्षा और पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगी। कादियान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गन्नौर हलके का चहुंमुखी विकास होगा।

## श्रमिक दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण द्वारा श्रमिक दिवस पर मजदूरों के लिए गांव बाछौद व हुड़ीना में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कैंप में श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा व दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही मातृत्व लाभ योजना में 36 हजार रुपये, पितृत्व लाभ योजना में 21 हजार रुपये, मजदूर के बच्चों की शिक्षा पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता में आठ हजार रुपये से 20 हजार रुपये तक मिलते हैं। मिस्त्री औजार खरीदने के लिए



मिस्त्री को आठ हजार रुपये, महिला मजदूर को सिलाई मशीन के लिए 3500 रुपये, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना में 5100, कन्यादान योजना के तहत लड़की की शादी के लिए वित्तीय सहायता 51 हजार रुपये, लड़के की शादी पर 21 हजार रुपये और लड़की की शादी पर 50 हजार रुपये मिलते हैं। महिला मजदूर की खुद की शादी के लिए 50 हजार रुपए मिलते है। अपंगता पेंशन के लिए तीन हजार रुपये प्रति महीने, रजिस्टर मजदूर की साधारण मृत्यु पर दो लाख रुपये की सहायता, मृत्यु के टाइम संस्कार करने के लिए 15 हजार रुपये की सहायता मिलती है। इस मौके पर एडवोकेट प्रदीप कुमार व संजय कुमार ने बताया कि मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए फैमिली आईडी में मजदूर भवन निर्माण दिखाएं तभी रजिस्टर कॉपी बन सकती है तथा एक साल में 90 दिन का काम दिखाना बहुत जरूरी है इस मौके पर पीएलवी संजय कुमार, गिरी बाला के अलावा गांव के नागरिक व मजदूर उपस्थित थे।

## आठ परीक्षा केंद्रों पर चार मई को होगी नीट की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। उपायुक्त डॉ. विवेक** भारती ने बताया कि आगामी चार मई को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य उम्मीदवारों के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए शाम छह बजे तक परीक्षा संचालित होगी। उन्होंने आगामी नीट परीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने वीरवार को महेंद्रगढ़ में निर्धारित राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय व राजकीय मॉडल



संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी साथ रहीं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि वे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले विद्यार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान केंद्र के अंदर न जाए फ्रिस्किंग टीम इस बात को सुनिश्चित करे कि परीक्षार्थी और स्कूल स्टाफ मोबाइल फोन सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु भीतर न ले जाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं और अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ न जुटने देने के निर्देश भी दिए।

## हकेंवि में राष्ट्रीय स्तरीय पेय पर्व अभियान का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वीरवार को स्वास्थ्य एवं विरासत पर केंद्रित राष्ट्रीय स्तरीय पेय पर्व अभियान का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत पारम्परिक भारतीय पेय के प्रचार-प्रसार व उनके माध्यम से उपलब्ध रोजगार के अवसरों का विकास करने का प्रयास किया जाएगा।
विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस अभियान को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य भारतीय पेय पदार्थों के प्रति जागरुकता फैलाना व



युवाओं को उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित करना है। आयोजन में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रही। आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रूपेश देशमुख ने भारतीय पेय पदार्थों की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारी जीवन शैली के अंतर्गत ऐसे अनेकों पारम्परिक पेय उपलब्ध हैं जोकि गुणों से भरपूर हैं। अब समय आ गया है कि हम इनके प्रति आवश्यक जागरुकता की दिशा में प्रयास करें। इस अभियान के माध्यम से विश्वविद्यालय विभिन्न स्तरों पर ऐसे ही प्रयास करने जा रहा है। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने भारतीय परंपरा के अंतर्गत उपलब्ध पेय पदार्थों की महत्ता का उल्लेख करते हुए आयोजकों की सराहना की और कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से जनमानस में पारम्परिक पेय पदार्थों के प्रति प्रेम व उनकी स्वीकार्यता में वृद्धि होगी। उन्होंने शहर का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से वह वैज्ञानिक रूप से नवजात शिशु के लिए उपयोगी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय पेय पदार्थों के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें इनके व्यावसायिक उपयोग के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जिस तरह से यह बाजार प्रगति कर रहा है, इसमें उद्यमिता विकास के ढ़ेरों अवसर उपलब्ध है। इसलिए विद्यार्थी इस दिशा में विचार करें और नई सोच के साथ आगे बढ़ें। आयोजन के अंत में डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और इस आयोजन में सम्मिलित आयोजन सचिव प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. रणबीर सिंह, सहआयोजन सचिव डॉ. आलेख एस नायक, डॉ. अनूप यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. जितेंद्र व डॉ. उमेश कुमार का भी उनके सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## भौरा रसूलपुर में मदरसा व मस्जिद निर्माण का विरोध, विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव भौरा रसूलपुर में अवैध रूप से मदरसा व मस्जिद निर्माण के प्रयास का विश्व हिंदू परिषद ने विरोध किया है। परिषद के अलावा, धर्म प्रसार व समस्त सामाजिक संगठनों ने वीरवार को एसडीएम प्रवेश कादियान को जिला उपायुक्त व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण को तुरंत रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव के सरकारी स्कूल के पास एक जमीन पर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के मदरसा और मस्जिद बनाने की कोशिश



की जा रही है। इससे गांव का माहौल बिगड़ने की आशंका जताई गई है। परिषद ने आरोप लगाया कि गांव में बाहरी लोगों व जमातों द्वारा इसमें आर्थिक मदद भी की जा रही है। इसके अलावा गांव में बाहरी लोगों को भी शरण दी जा रही है। इससे गांव की बेटियों के साथ छेड़छाड़ और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### किसान नेता नरेश टिकैत का बयान है निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण : जगबीर आर्य

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) भाजपा के** किसान मोर्चे के जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने नरेश टिकैत के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने दिया है। टिकैत ने पाकिस्तान के पक्ष में बयान देते समय उनको शर्म आनी चाहिए थी वो केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान का पानी रोकने के निर्णय पर प्रश्नचिन्ह लगाकर पाकिस्तान के पक्ष में बोल रहे है। नरेश टिकैत को देश से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। जगबीर आर्य ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद जब पूरा देश एकजुट होने की बात कर रहा है तो नरेश टिकैत द्वारा दिया गया ब्यान ऐसा लगता है, जैसे वे पाकिस्तान के सबसे बड़े हमदर्द हों। पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने को तैयार है। उन्हें देश की जनता की भावनाओं के साथ खेलने का कोई अधिकार नहीं है। नरेश टिकैत ने देश की जनता को आहत किया है। देश सर्वप्रथम है, जब बात मातृभूमि की हो तो कोई समझौता नहीं होगा। इस विषय पर देश की सुरक्षा एवं शहीदों के सम्मान पर किसान नेता नरेश टिकैत का बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि निंदनीय भी है। पानी रोकना आत्मरक्षा के लिए उचित कदम है। पाकिस्तान के लिए नदियों का पानी रोकने का फैसला केवल बदले की भावना नहीं, बल्कि आत्मरक्षा के लिए उठाया कदम है। वह पानी उन्हीं के खेतों में जाना चाहिए जो भारत माता के वीरों के पसीनों से सींचते है जगबीर आर्य ने कहा अगर वह सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो किसान नेताओं और सामाजिक लोगों से बातचीत करके उनका बहिष्कार किया जाएगा।

### 6 व 7 मई को कृषि यंत्रों का दूसरा भौतिक सत्यापन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः जिला अम्बाला** के किसानों को अवगत करवाया जाता है कि जिन किसानों ने फसल अवशेष प्रबंधन योजना वर्ष 2024-25 के दौरान आरकेवीवाई योजना के घटक सीआरएम स्कीम के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन किया था तथा जिन किसानों ने अपने कृषि यंत्रों के बिल पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त सहायक कृषि अभियन्ता, अम्बाला के कार्यालय मे जमा करवा दिये थे, उनमे से जिन कृषि यंत्रों की अनुदान राशि 1 लाख रूपए से अधिक है उन कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन 2 बार किया जाना था उनकी 70 प्रतिशत अनुदान राशि विभाग द्वारा पहले भौतिक सत्यापन उपरांत दी जानी थी जो भौतिक सत्यापन 30 नवम्बर 2024 को किया जा चुका है और 30 प्रतिशत अनुदान राशि दूसरे भौतिक सत्यापन उपरांत लाभार्थी किसानो के बैंक खाते में डाली जाएगी। दूसरे भौतिक सत्यापन की तिथि निदेशालय द्वारा 06 मई 2025 (एक्स-सीटू के कृषि यंत्रो - स्ट्रॉ बेलर, हे रेक) व 07 मई 2025 (इन-सीटू के कृषि यंत्र - सुपर सीडर) को निश्चित की गई है का भौतिक सत्यापन अनाज मंडी, साहा मे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा ब्लॉक नारायणगढ़ व शहजादपुर के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन अनाज मंडी, शहजादपुर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे विभागीय मोबाइल एप से किया जाएगा।

# मैं लेबर का ही आदमी हूं और 18 वर्ष बैंक में नौकरी की है, आपकी बात सुनेंगे, कार्रवाई करेंगे: विज

**सुनीं समस्याएं**
❑ कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मामले में कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि लेबर का ही आदमी हूं और मैंने 18 वर्ष बैंक में नौकरी की है, आपकी पूरी बात सुनेंगे कार्रवाई करेंगे, आप जब मर्जी मेरे पास आओ, अभी मैंने आपकी मांगों को लेकर लेबर कमिश्नर से बात की है और क्या हो सकता है क्या नहीं हो सकता वह करेंगे, कुछ बदलाव करना पड़े तो वह भी किया जाएगा। विज हरियाणा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसोसिएशन की ओर से मजदूर दिवस के अवसर पर मांगों को लेकर एक ज्ञापन श्रम मंत्री अनिल विज को सौंपा गया। एसोसिएशन सदस्यों की मांग पर श्रम मंत्री अनिल विज ने लेबर कमिश्नर से फोन पर बातचीत करते हुए इन मांगों को पूरा करने पर चर्चा की। एसोसिएशन सदस्यों ने श्रम मंत्री द्वारा उनकी बात पूरी सुनने व इसपर त्वरित कार्रवाई करने पर उनका मौके पर ही धन्यवाद जताते हुए कहा कि उन्हें मंत्री अनिल विज से पूरी उम्मीद है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि हरियाणा में छह हजार से अधिक सेल्स प्रमोशन कर्मचारी विभिन्न दवा कंपनियों में काम कर रहे हैं जोकि सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज एक्ट में आते हैं। इन कर्मचारियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट की परिभाषा में सेल्स प्रमोशन को शामिल किया जाए, इसी तरह सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज की कार्य श्रेणी को उच्च कुशल कर्मचारी उच्च ग्रेड में अधिसूचित किया जाए तथा सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज के लिए कार्य के घंटे निर्धारित किए जाएं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह, महासचिव गौत्तम चड् ?ढा, विवेक भाटिया के अलावा अन्य पदाधिकारी व सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। मच्छौंडा वासी किसान ने उसके खेतों में आग लगने पर मुआवजा दिलाने की मांग की जिस पर मंत्री अनिल विज ने डीसी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह कुम्हार मंडी में एक व्यक्ति के घर की खिड़कियों को अवैध बिल्डिंग बनाकर बंद करने की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद सचिव को जांच के निर्देश दिए। गांव धनकौर में नाले निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों ने शिकायत दी जिसपर संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कच्चा बाजार निवासी व्यक्ति ने कहा कि उसने सेकेंड हैंड गाड़ी खरीदी थी जिसपर बैंक लोन बकाया था, मगर पहले क्रेता ने तय इकरारनामा अनुसार बैंक लोन नहीं उतारा जिससे बैंक द्वारा उसकी गाड़ी जब्त कर ली गई है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मामले में कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः अतिरिक्त उपायुक्त** डा. ब्रहमजीत सिंह ने उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें तय समय सीमा मे जल्द निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य लोगो की समस्याओं का एक जगह पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है इसी को ध्यान मे रखते हुए सभी अधिकारी कार्य करें। समाधान शिविर मे इस मौके पर लोगो द्वारा कुल 6 शिकायतें रखी गई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निपटान कर दिया गया तथा अन्य 3 शिकायतों का एडीसी द्वारा जल्द निपटान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी, पीएम आवास योजना, परिवार पहचान पत्र से संबंधी व अन्य शामिल है। गौरतलब है कि डीसी के निर्देशानुसार समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है। इस मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विरेंद्र कुमार, लोक निर्माण विभाग से एसडीओ कर्ण सिंह, जिला कष्ट निवारण समिति गैरसरकारी सदस्य साहब सिंह मोहडी, नगर निगम से शेरसिंह के साथ- साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका विषय पर हुए राष्ट्रीय सेमिनार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा अनुराधा व अलंकृता ने राष्ट्रीय छात्र सेमिनार में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। सेमिनार के लिए नियुक्त जीवीएम की संयोजक प्राध्यापिका निहारिका ने बताया कि जीएमएन कालेज अंबाला कैंट के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्रो. वीरसेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संयोजन में राष्ट्रीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका रहा। इसमें जीवीएम की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनुराधा और बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अलंकृता त्यागी ने हिस्सा लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीवीएम की छात्राओं ने अपने प्रभावशाली पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और सशक्त भाषण के माध्यम से विषय को गहराई, समझ और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने उनके विषय की पकड़, प्रस्तुति शैली और प्रभावशाली वक्तव्य कौशल की विशेष रूप से सराहना की।

## शहजादपुर में नकली/अवैध शराब बनाने की फैक्टरी का भांडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेशानुसार नकली/अवैध शराब बनाने वालों के विरूद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 30 अप्रैल 2025 को थाना शहजादपुर क्षेत्र मार्डन कालोनी शहजादपुर के पास से नकली/अवैध शराब बनाने के मामले में शहजादपुर पुलिस ने निरीक्षक जितेन्द्र ढिल्लों के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिहँ निवासी गाँव उपरली धमोली, सुरेन्द्र सिहँ निवासी गाँव बपोली, संदीप निवासी गाँव धनाना, सचिन निवासी गाँव गोबिन्दपुर थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 4 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। काबू किए गए आरोपियों ने बतलाया कि वह नकली शराब बनाने की फैक्टरी बिटु निवासी गाँव धनाना की है। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।



30 अप्रैल 2025 को शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि मार्डन कालोनी शहजादपुर में किराए के मकान में नकली शराब बनाने की फैक्टरी चल रही है। नकली शराब बनाकर उसे बेचकर लोगों के जीवन का खतरे में डाला जा रहा है। अगर मार्डन कालोनी में किराए के मकान पर छापेमारी की जाए तो आरोपियों को भारी मात्रा में नकली शराब, कैमिकल पदार्थ व शराब बनाने वाले उपकरणों सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए मार्डन कालोनी किराए के मकान पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध/नकली शराब की 109 पेटियाँ, 80 लिटर तैयारशुदा नकली शराब, 2 कैनी शराब 100 लिटर, 3 ड्रम स्पिरिट कुल 540 लिटर, 12 खाली ड्रम, 30 ड्रमी, 20 लिटर की 6 बोतल, 9600 खाली बोतलें, 4 टैंकी, फूड क्लर, कार्मेल क्लर, भारी मात्रा में ढक्कन, रैपर, गत्ता पेटी, होलोग्राम नम्बर, क्यू आर कोड, मधानी व शराब बनाने के अन्य उपकरणों व गाड़ी सहित चार आरोपियों को काबू कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया गया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा दीक्षा ने ग्रेपलिंग में जीता स्वर्ण

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) ग्रेपलिंग एसोसिएशन** ऑफ, पानीपत के तत्वावधान में कल स्थानीय एम.ए.एस.डी. पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा की कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 58 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 9 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के लड़के एवं लड़कियों ने पूरे उत्साह के साथ



भाग लिया। जिसमें पानीपत और आस-पास के विभिन्न शहरों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने खेल विभाग के सदस्यों, विशेष रूप कोच गोल्डी और दीक्षा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दीक्षा की यह स्वर्णिम सफलता हमारे सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह सिद्धकर दिखाया है कि सच्ची लगन और अथक परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कोच गोल्डी के कुशल मार्गदर्शन, उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण का जीवंत प्रमाण देता है। हम हृदय से आशा करते हैं कि हमारे कोच इसी सत्यनिष्ठा और लगन के साथ अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे और उन्हें सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते रहेंगे। प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अपरिहार्य ( अनिवार्य ) हैं। यह न केवल उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि उनमें समय-प्रबंधन, नियमों का पालन और टीम भावना जैसे महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल भी विकसित करते हैं।

## अम्बाला में एजेन्सियों ने 240409.95 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद कार्य पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 240409.95 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मण्डियों में अब तक 52017 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 88.5 प्रतिशत के साथ 212714 मीट्रिक टन गेहूँ के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने



सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को गेहूँ उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से गेहूँ खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेन्सी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस एजेन्सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक अम्बाला छावनी से 15016 एमटी, नन्यौला मंडी से 7721 एमटी, मुलाना मंडी से 23764.65 एमटी, साहा मंडी से 24465 एमटी, बराड़ा मंडी से 27500 एमटी गेहूँ खरीदा जा चुका है।

## 'पूंजीवादी व्यवस्था अपने संकट का सारा बोझ मजदूरों पर डाल रही'

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**आज मजदूर दिवस** के अवसर पर क्रांतिकारी मजदूर यूनियन एआईयूटीयूसी की ओर से समालखा के गोल्डन पार्क में एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता यूनियन के प्रधान शेर सिंह ने की संचालन राजवीर सिंह ने किया सभा के मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने संबोधित करते हुए कहा की 1 मई 1886 को अमेरिका के मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर के एक सफल हड़ताल का आयोजन किया था जिससे मालिकों ने बौखला कर सरकार और पुलिस ने कई मजदूरों को



गोलियों से भून दिया था उ- पर इसका दोष लगाकर चार मजदूरों को फांसी की सजा दी गई थी लेकिन मजदूर अपनी मांग पर लड़ते रहे और आखिर को 8 घंटे की मांग मांगने पर सरकार को मजबूर होना पड़ा था उसके बाद कार्ल मार्क्स के साथी फ्रेडरिक एंगेल्स के सुझाव पर 1890 से दुनिया में मनाना शुरू किया और आज हर देश के मजदूर इसको मना रहे हैं लेकिन आज पूंजीवादी व्यवस्था अपने संकट का सारा बोझ मजदूरों पर डाल रही है इसलिए भारत सरकार 8 घंटे की जगह 12 घंटे की ड्यूटी का कानून बना रही है 300 मजदूरों के उद्योग में नौकरी से निकालने

**मांग**
❑ 300 मजदूरों के उद्योग में नौकरी से निकालने के लिए मालिकों को अनुमति लेने की जरूरत नहीं रहेगी

के लिए मालिकों को सरकार की अनुमति लेने की जरूरत नहीं रहेगी महिलाओं को अब रात में ड्यूटी करने का कानून बना दिया गया है जबकि हमारे देश में महिलाएं दिन में भी सुरक्षित नहीं है आगामी 20 मई को चार लेबर कोड समाप्त करने,पुरानी पेंशन बहाल करने,व सरकारी विभागों को पूंजीपतियों को कौड़ियों के भाव बेचने के विरोध में अखिल भारतीय हड़ताल होने जा रही है सरकार सिर्फ चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है इसका आम जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है मजदूरों, गरीब किसानों व आम जनता का शोषण करते हुए देश की ज्यादातर धन दौलत चंद पूंजीपतियों के हाथों में जमा हो गई है दूसरी तरफ महंगाई आसमान छू रही है बेरोजगार नौजवान दर-दर की ठोकर खा रहे हैं चुनाव से सरकारें बदलती है लेकिन यह पूंजीवादी व्यवस्था नहीं बदलती इसलिए मजदूर किसानों व मेहनतकश के अन्य हिस्सों को इस पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन चलाते हुए एक दिन इसको उखाड़ फेंकना होगा।

## राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने के साथ ही प्रतिभा तराशने का काम कर रहा माधव सेवा केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**राष्ट्रीय स्वयं सेवक** संघ विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है और इसकी विचारधार देश सेवा की है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो। इसी के अंतर्गत आने वाले माधव सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र भी विभिन्न गतिविधियों एक उतरी भारत में एक प्रमुख केन्द्र बनकर उभरा है और यहां पर अब खेलों के माध्यम से उज्जवल भारत के भविष्य को निखारकर हीरे के रूप में तराशने का कार्य स्पोर्टस डायरेक्टर हरेन्द्र सिंह के मागदर्शन में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में आरआरएस के सर संघचालक मोहन भागवत द्वारा माधव सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र का



उद्घाटन किया गया था। उसके उपरांत से ही यह केन्द्र विभिन्न सामाजिक, स्किल, स्पोर्टस, स्वास्थ्य आदि गतिविधियों को लेकर प्रमुखता से उभरक सामने आया है। वर्तमान में यहां पर विभिन्न गतिविधियों चला रहा है और खेलों में उभरती प्रतिभाओं को निखारने का काम भी कर रहा है। यहां पर समालखा शहर सहित आसपास के विभिन्न गावों से प्रतिदिन खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित होने के लिए आ रहे हैं। खेलों के साथ ही उनमें अनुशासन और राष्ट्र प्रेम की भावना का भी विकास किया जा रहा है। विभिन्न खेलों में किया जा रहा है प्रशिक्षित- यहां पर विभिन्न खेलों में बच्चों को स्पोर्टस डायरेक्टर हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रनिंग कोच मिल्खा सिंह, कुश्ती कोच कृष्ण पहलवान, कबड्डी कोच नवीन द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें रेसलिंग, कबड्डी, बास्केट बॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन, रेस, डिस्कस थ्रो, हाई जम्प, लॉन टेनिस आदि प्रमुख हैं। समालखा शहर सहित पट्टीकल्याणा, भोड़वाल माजरी, हलदाना, ढोड़पुर, उग्राखेड़ी, झट्टीपुर, देहरा, महावटी, चुलकाना आदि गावों से बच्चे विभिन्न खेलों में कोचिंग ले रहे हैं। खेलों के प्रति बच्चों के जूनून में उनके माता-पिता भी साथ दे रहे हैं। दूर के गांवों से आने वाले खिलाड़ियों के साथ उनके अभिभावक भी आते हैं। ताकि खेलों में भारत के भविष्य को चमकाने में उनका सहयोग भी रहे। यहां से कोचिंग लेने वाले उभरते सितारे- आरएसएस के माधव सेवा केन्द्र में कोचिंग लेने वाले खिलाड़ि ीं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए केन्द्र व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जार्डन में हुई वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा के 6 खिलाड़ि ीं ने भाग लिया था। जिसमें यहां प्रैक्टिस करने वाली महिला खिलाड़ी नीरज पटट्कल्याणा है। वहीं नेशनल स्कूली गेम्स की कुश्ती में भी नेहा पट्टीकल्याणा ने गोल्ड जीता। जबकि साऊदी अरब में पिछले दिनों हुई 400 मीटर रेस में नेहा छौक्कर ने अंडर-18 में सिल्वर पदक जीता। नेशनल स्कूल गेम की कबड्डी में गोल्ड जीतने वाली अंडर-19 टीम का प्रिंस भी माधव केन्द्र में कोचिंग ले रहा है।

## जन सहयोग संस्था ने जाट धर्मशाला की नवनियुक्त कार्यकरणी को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जन सहयोग संस्था** कुरुक्षेत्र द्वारा आज जाट धर्मशाला की नवनियुक्त कार्यकारिणी के तत्वाधान में नागरिक हॉस्पिटल में लंगर बांटा गया। इस मौके पर प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे व लंगर बांट कर मरीजो की समस्याओं को जाना और उनको हल करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर मास्टर जितेंद्र ने प्रधान को बधाई देते हुए कहा कि संस्था द्वारा नागरिक हॉस्पिटल में 24 घण्टे सेवाएं दी जा रही है। मोहन भागरथ जी ने अपनी 51वीं शादी



की सालगिरह भी मरीजो को लड्डू बांट कर मनाई। मिथुन समाना और संस्था अध्यक्ष अंगुरी लाल जी ने मरीजो से मिल कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनको खाना बांटा। संस्था की तरफ से प्रधान कृष्ण श्योकंद और उनकी टीम की जीत की खुशी में हस्पताल में लड्डू बांटे गए व और टीम को इसके लिए बधाई भी दी और भविष्य में साथ मिल कर सेवा करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर गगन,डिम्पल,बन्नी सिंह ढुल, अमनदीप,श्रवण, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र के विकास के हर बिन्दू पर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तेजी से कार्य: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन जिंदल** ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास के हर बिन्दु पर प्राथमिकता के आधार पर फोकस रखकर तेजी से कार्य किया जाना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी नियत और नीति को पारदर्शी प्रणाली के हिसाब से ठीक रखना होगा। यह जिला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का गृह क्षेत्र है, इसलिए इस जिले में सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए रत्ती भर भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए,




अपितु अपने नैतिक दायित्व व कर्तव्य समझकर कार्य करना चाहिए। सांसद नवीन जिंदल वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास संयोजन और निगरानी कमेटी(दिशा) की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। सासंद नवीन जिंदल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना, रेलवे,प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, ई-राष्ट्रीय कृषि मंडी, सर्व शिक्षा अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, राष्ट्रीय पशु बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की है। सांसद ने कहा कि कुरुक्षेत्र के बाईपास के प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए और धरातल पर काम किया जाए। इसके साथ ही रेलवे एलिवेटेड ट्रैक पर जल्द से जल्द ट्रेन चलाई जाए इसके लिए जो भी औपचारिकताएं है उन्हें जल्द पूरा किया जाए। इस प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने के लिए वे स्वयं भी केन्द्रीय रेल मंत्री से मिलकर बातचीत करेंगे। सांसद नवीन जिंदल ने स्वंय पावॅर प्रेजेंटेशन के जरिए गांव व शहरों की कुछ सडकों की कुछ तस्वीर अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कहा कि इन सडकों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही सडकों और अन्य निर्माण कार्यों की सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखना चाहिए। अगर एजेंसी लापरवाही बरतती है तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए दिशा के एजेंडे पर हुए कार्यों को प्रस्तुत किया। इस बैठक का संचालन जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र चौधरी ने किया।

# डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**डीएवी सैंटनरी** पब्लिक स्कूल समालखा के प्रांगण में गांधी सदन की अगुवाई में मजदूर दिवस मनाया गया। इस आयोजन में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने श्रमिकों के लिए सुंदर-सुंदर कार्ड बनाएं। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें श्रमिकों के योगदान पर भाषण एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर छोटे-छोटे बच्चों ने कार्यकताओं (मजदूरों)के वेशभूषा में अपनी बड़ी ही भव्य प्रस्तुति दी। उन्होंने मंच पर आकर मजदूरों के जीवन को



समझाने का प्रयास किया। श्रमिक दिवस पर अध्यापक मृगेंद्र राठी ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने एक प्रेरक कहानी सुना कर सभी को एक संदेश दिया। उन्होंने कहा श्रमिक दिवस एक उत्सव नहीं बल्कि एक अवसर है श्रमिकों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने का। हमें हमेशा काम करने वालों का आदर करना चाहिए क्योंकि उनके बिना हमारा जीवन सुचारु रूप से नहीं चल सकता। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों को कार्ड देकर सम्मान किया व मिठाई बांटी।

## न्यूज फ्लैश

### चेक बाउंस के मामले में पीओ घोषित आरोपी को थाना शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) थाना शहर** कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना शहर पुलिस टीम ने चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी जितेंद्र निवासी एकता विहार कॉलोनी को बुधवार को गिरफ्तार किया। कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी जितेंद्र को बीते अप्रैल महीने में पानीपत माननीय न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बुधवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी जितेंद्र को पुलिस ने वीरवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

### जिन्होंने लोगों को मारा, उन्हें सजा मिले: हिमांशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पहलगाम में आतंकी** हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने गुरुवार को कहा कि घटना के बाद लोग जिस तरह से मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ बोल रहे हैं, वो नहीं होना चाहिए। वी वांट.. जस्ट पीस एंड ऑनली पीस। हमें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गलत किया है, उनको सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश से अपील करना चाहती हूं कि विनय नरवाल के लिए प्रार्थना करें। मैं एक और चीज कहना चाहती हूं कि मुझे किसी से नफरत नहीं है। उन्होंने ये बात पति विनय के बर्थडे पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान कही। शिविर में हिमांशी ने परिवार सहित रक्तदान किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों की आंखों में आंसू आ गए। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 22 लोगों की हत्या कर दी थी। इनमें विनय भी शामिल थे। विनय को पत्नी हिमांशी के सामने ही गोली मारी गई थी। हिमांशी नरवाल ने कहा कि हम नहीं चाहते कि किसी और के साथ वैसा हो, जैसा हमारे साथ हुआ। हम सिर्फ शांति चाहते हैं। उन आतंकियों को सजा मिलनी चाहिए, जिन्होंने मासूमों को मारा। उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। उन्होंने मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे बयानों पर आपत्ति जताई है। हिमांशी ने कहा कि यह सही नहीं है। हिमांशी से जब सवाल किया कि उनके पति ने देश सेवा का रास्ता चुना था, क्या वह भी इस पर आगे बढ़ेंगी तो उन्होंने हां में जबाव दिया। विनय की बहन सृष्टि नरवाल ने कहा कि रक्तदान शिविर भाई विनय के जन्मदिन पर खासतौर पर लगाया गया है। जो लोग एक साथ यहां रक्तदान करने पहुंचे हैं, उन सभी का परिवार की तरफ से आभार है। करनाल ही नहीं, बल्कि शहर के बाहर से भी लोग श्रद्धाभाव लेकर पहुंचे हैं और रक्तदान कर रहे हैं। लोगों की सहभागिता से विनय के विचारधारा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### एनएसटी के दूसरे वर्ष के 93 प्रतिशत विद्यार्थियों ने हासिल की इंटर्नशिप

**गुरुग्राम।** न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसटी) ने अपने विद्यार्थियों की एक खास उपलब्धि की घोषणा की है: न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी में दूसरे वर्ष के अंडरग्रेजुएट सीएस और एआई विद्यार्थियों में से 93 प्रतिशत ने देश की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप हासिल करने में कामयाबी पाई है। इन कंपनियों में कुछ नाम हैं- रेजरपे, सर्वम एआई, जूमकार, ऐलन डिजिटल, फिजिक्स वाला; इनके अलावा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसी सरकारी एजेंसियां भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत



विद्यार्थी अपने दूसरे वर्ष के अंत तक दो इंटर्नशिप पहले ही पूरी कर चुके हैं, काबिले गौर है कि भारत में अंडरग्रेजुएट्स के लिए यह एक दुर्लभ उपलब्धि है। इंटर्नशिप में शामिल एनएसटी के कुछ उल्लेखनीय विद्यार्थी हैं, अमन कुमार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग इंटर्न, डीआरडीओ, उदिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटर्न, रेजरपे, और रचित कुमार, फ्रंटएंड इंजीनियर इंटर्न, सर्वम एआई । न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, एनएसटी में, हमारा लक्ष्य हमेशा से ही यह रहा है कि रियल-वर्ल्ड इंडस्ट्री अनुभवों को शुरूआत से ही पाठ्यक्रम में शामिल करके शिक्षा की परिभाषा नए ढंग से गढ़ी जाए। दूसरे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 93 प्रतिशत इंटर्नशिप प्लेसमेंट दर हासिल करना इस तथ्य को जाहिर करता है कि कैसे हमारा ढांचागत, परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण विद्यार्थियों को उनके ग्रेजुएट होने से पहले ही पेशेवर रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
खरखौदा में ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के सौजन्य से वीरवार को लाला जय नारायण धर्मशाला में एक विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र जांच व ऑपरेशन, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं जनरल फिजिशियन जैसी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। जिससे सैकड़ों जरूरतमंदों ने लाभ उठाया। खास बात यह रही कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे।
नेत्र चिकित्सा सेवाएं शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि शिविर में कुल 166 मरीजों की आंखों की जांच की गई।



इनमें से 13 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल भेजा गया। मरीजों के आने-जाने, ठहरने और भोजन की पूरी नि:शुल्क व्यवस्था समिति द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त आंखों की सामान्य बीमारियों की भी जांच कर मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सेवाएं अपोलो अस्पताल, दिल्ली की मेडिकल टीम द्वारा जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग एवं हड्डी रोग की जांच कर लगभग 80 मरीजों को परामर्श व दवाइयां दी गईं। वहीं, राज अस्पताल, सोनीपत की टीम ने भी मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराईं। फिजियोथैरेपी और न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ राजू कोच ने आधुनिक मशीनों की सहायता से 60 मरीजों का उपचार कर उन्हें दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत दी। शिविर की विशेषताएं सेवक बिजेंद्र जांगड़ा ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर प्रत्येक माह के पहले वीरवार को आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, ताकि वे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहें।
इस अवसर पर टीका राम मित्तल, धर्मपाल गर्ग, हरी प्रकाश गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, पंकज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, हंसराज अरोड़ा, प्रदीप सिंगला, राजीव जुनेजा, पवन भौरिया, अमीचंद फौजी, बिजेंद्र जांगड़ा, रोहित राठौर, धर्मेंद्र हलवाई, पीयूष गुप्ता एवं ठाकुर जी की रसोई की पूरी टीम सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कनाडा भेजने के नाम पर युवक से 4.44 लाख की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के युवक** से कनाडा भेजने का झांसा देकर 4.44 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। युवक ने बताया कि आरोपी ने वीजा दिलवाने का झांसा देकर पहले 50 हजार लिए, फिर पिता की जमीन बिकवा कर 5 लाख और यूको बैंक से 2.44 लाख में गोल्ड लोन भी छुड़वाया। जब रकम लौटाने की बात आई तो आरोपी ने धमकी दी और इनकार कर दिया। पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बाद थाना इंद्री में केस दर्ज कर लिया गया है। जटपुरा गांव निवासी मनीष ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात साल 2023 में जिला कचहरी में ब्याना गांव के सुरेंद्र शर्मा उर्फ गोविंद्र शर्मा से हुई थी। सुरेंद्र ने खुद को विदेश भेजने वाले एजेंट बताया और कहा कि वह लोगों को कनाडा भेजने का काम करता है। उसने कहा कि वर्क वीजा लगवाकर वहां नौकरी भी दिलवाता है। शुरूआत में मनीष ने उसे टाल दिया, लेकिन सुरेंद्र ने बार-बार कॉल कर कनाडा भेजने का झांसा देते हुए उसे फंसा लिया।
2 अक्टूबर 2023 को आरोपी ने मनीष से कहा कि उसे कनाडा भेजने में कुल 15 लाख रुपए लगेंगे।

# फोन पर पिता से बोला-ड्यूटी खत्म होने वाली है 10 मिनट में करुंगा फोन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के सौंकड़ा** गांव के एक 22 वर्षीय युवक की अमेरिका में ट्राले हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा 29 अप्रैल की शाम हुआ। युवक का ट्राला अचानक डिवाइडर से टकरा गया और डीजल टैंक फटने से उसमें आग लग गई। युवक ने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटों में फंसकर वह जल गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इंडिया में उसके घर वालों तक खबर पहुंची, तो उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के चाचा राजिंद्र सिंह व अन्य परिजनों ने बताया कि सुखबीर सिंह हादसे के समय ट्राले में अकेला था। ट्राले की गति तेज थी और अचानक संतुलन बिगड़ गया। डिवाइडर से टक्कर होते ही डीजल टैंक में विस्फोट हो गया और ट्राले में आग लग गई। कैबिन में फंसे सुखबीर ने कांच तोडकर बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन धुएं और आग की लपटों में घिरने से उसकी जान नहीं बच सकी। उसने मोबाइल बाहर फेंक दिया था, लेकिन खुद नहीं निकल पाया। राजिंद्र सिंह ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले ही सुखबीर ने अपने पिता को कॉल किया था। उसने कहा कि उसकी ड्यूटी खत्म होने वाली है और 10-15 मिनट बाद वह दोबारा फोन करेगा।

# जब भी तेरे हाथों में कुदाल उठाया पर्वत का सीना चीर नीर बहाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, : श्री महावीर जैन** पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को श्रमिक दिवस कर्मठता से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में श्रमिक दिवस को प्रेरणास्पद बनाते हुए बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता,भाषण लेखन,छोटे बच्चों के लिए काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया था इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया स इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती रोमिल रानी ने श्रमिक दिवस मनाने की परंपरा के



इतिहास पर प्रकाश डाला स भाषण लेखन में कक्षा 9 की खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 10 वीं और कक्षा 9वीं की छात्रा गीतम और समरीन ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया स इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा निधि रही तथा द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं कॉमर्स की छात्रा गुरुकीरत ने प्राप्त किया स पोस्टर मेकिंग में कक्षा 8वीं का वंश प्रथम, कक्षा 8वीं तन्वी द्वितीय कथा कक्षा आठवीं की ही आदित्य और गरिमा ने सामूहिक रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया स कक्षा सातवीं में सामूहिक रूप प्रथम स्थान कनक और मिशिका ने प्राप्त किया, सामूहिक रूप से द्वितीय स्थान ईशांत और परी ने प्राप्त, कक्षा सातवीं किस में तृतीय स्थान पर रही स पोस्टर मेकिंग में भी कक्षा 6वीं की नेहा ने प्रथम स्थान और परिधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया स इसी प्रकार छोटी कक्षा में काव्य पाठ में प्रथम स्थान कक्षा तीसरी के रश्वित ने प्रथम, कक्षा 5वीं की जसनीत ने दूसरा तथा कक्षा 4 के एयांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया स विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजुला गोयल ने.. श्रमिको के महत्व पर प्रकाश डाला...इस अवसर पर उप प्राचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित किया।

# राष्ट्र प्रणेताओं को सम्मान देना हमारा कर्तव्य है: भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज अंतर्राष्ट्रीय** श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा सलारपुर रोड स्थित गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में कार्यरत श्रमिकों के सहायतार्थ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम वहां पर कार्यरत मजदूरों को एक स्थान पर एकत्रित करके बिठाया गया । इसके बाद शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल द्वारा सभी कामगारों को संबोधित किया गया । तत्पश्चात शाखा सचिव बलजीत चावला ने मजदूरों को



मजदूर दिवस के महत्व के बारे में बताया और उनके लिए सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया । डॉ वी वी छिकारा द्वारा उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी प्रदान की गई । तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी मजदूर भाई बहनों को अंगवस्त्र (परना)और साबुन इत्यादि सामग्री तथा उनके बच्चों के लिए कॉपियों के सैट एवं पेन देकर सम्मानित किया गया और उसके बाद वहां पर उपस्थित शाखा सदस्यों ने सभी मजदूर भाई बहनों के साथ बैठकर जलपान किया । कार्यक्रम के प्रबंधन एवं सुचारु रूप से संचालन के लिए वहां पर मनोज सेतिया, पवन गुप्ता ,डॉ रमेश डांडा जयप्रकाश ,दिनेश सिंगल, ,रमेश गुलाटी, रमेश डांडा ,शारदा गुलाटी , सहाना, रविंद्र आर्य , डॉ वी वी छिकारा , अखिलेश गुप्ता, नवीन मित्तल एवं अजय चानना मुख्य रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम के लिए परिषद परिवार के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा ।

# दस थीम पर 24 घंटे काम कर नवाचार के माध्यम से छात्र करेंगे समस्या का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**गीता यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर** साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग व गीता टेक्निकल हब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय हैकाथॉन हैकफोर्ज -25 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
आयोजित कार्यक्रम में जीयू के विभिन्न विभागों की 91 टीमों के 273 छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के चांसलर एसपी बंसल व डेलॉइट कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर अमित कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। जीयू के चांसलर एसपी बंसल व डेलॉइट कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर अमित कुमार ने छात्रों को हैकाथॉन कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया। अमित कुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन में भाग लेने से छात्रों रचनात्मकता का विकास होता है। भविष्य में आने वाली समस्याओं के समाधान को खोजने व हल करने में आसानी होती है। कार्यक्रम के आयोजक एवं जीटीएच के सीओओ पंकज बजाज ने बताया कि आयोजित हैकफोर्ज कार्यक्रम में गीता यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों से 91 टीमों के 273 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों को प्रतियोगिता के लिए 10 विभिन्न थीम प्रदान की गयी है।

# 2030 तक कुरुक्षेत्र को विकसित बनायेंगे: नवीन जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद : सांसद** नवीन जिन्दल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के स्वप्न को साकार करने में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की खास भूमिका रहेगी। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सहयोग से यह लक्ष्य 2035 तक प्राप्त कर लिया जाएगा। जिसमें सभी लोगों के सहयोग की जरूरत होगी। यही सहयोग मांगने के लिए वे जनता के बीच पहुंचे हैं। सांसद नवीन जिन्दल बचगांवा,लुखी, झिंवरेडी, उदारसी, अजरानी,धुराला आदि



गांवों में लोगों का लोकसभा और विधानसभा चुनावों में दिए सहयोग और समर्थन का धन्यवाद करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों के दौरान बोल रहे थे। उन्होने कहा कि 2030 तक कुरुक्षेत्र को विकसित बनाने के लिए उनका लक्ष्य है कि यहां के प्रत्येक व्यक्ति की आय तीन गुना अधिक हो। यह तभी संभव हो पाएगा जब किसान समृद्ध होंगे। उन्होंने जनसंपर्क कार्यक्रमों में लोगों से कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन और इरमा आईसीड़ द्वारा 9 से 11 मई तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में किसान मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत कुशल, समृद्ध एवं नया भारत के लिए आयोजित होने वाले इस किसान मेले में किसानों को अत्याधुनिक तकनीक की जानकारी दी जाएगी। जिसमें मिट्टी और पानी की मुफ़्त जांच की जाएगी । साथ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के तरीके बताए जाएंगे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पहलगाम हमले ने सभी भारतीयों की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले के ज़िम्मेदार लोगों को कड़ा सबक सिखाने का निर्णय लिया है। पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के फैसले के साथ है और उन्हें पूरा विश्वास है कि मृतकों को न्याय जरूर मिलेगा । इस अवसर पर ग्रामवासियों की तरफ से सांसद का भव्य अभिनंदन किया गया। इन जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खैहरा गोल्डी, सुभाष कलसाना, रविन्द्र सांगवान, दीपू जैन , यादविंदर राणा, बलबीर राणा सरपंच, इकबाल राणा, जसविंदर सिंह सरपंच, सुखविंदर बैंस, दलवीर सिंह सैनी अजरानी, सतपाल सिंह सरपंच, मोहित शर्मा, गांवों के पूर्व सरपंच और गांवों के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र के 22 प्राध्यापकों को मिली प्राचार्य पद पर पदोन्नति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा स्कूल** लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने जिले के 22 प्राध्यापकों की प्राचार्य पद पर पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसे शिक्षकों के वर्षों से किए गए अनुशासित शैक्षणिक योगदान और सेवाभाव का सम्मान बताया। डॉ. कौशिक ने कहा कि 29 अप्रैल 2025 को हसला प्रतिनिधिमंडल द्वारा हरियाणा के शिक्षा मंत्री से औपचारिक भेंट कर लंबित पदोन्नतियों, ट्रांसफर ड्राइव तथा शिक्षकों की अन्य प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई थी। उसी का सकारात्मक परिणाम है कि अगले ही दिन शिक्षा मंत्री के प्रयासों से शिक्षा विभाग ने प्राचार्य पद पर पदोन्नति की सूची जारी की। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से 22 नव पदोन्नत प्राध्यापकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति का उपहार मिला है। नव पदोन्नत प्राध्यापकों में गुरु देवी (ज्योतिसर), सूरज भान (बरोट), राजपाल (दुधला मोरथला), सविता (मिजार्पुर), निवेदिता (डीग), देवराज (लोहारा), किरण बाला (बलाही), विजय भारद्वाज (जिला गणित विशेषज्ञ), भजन सिंह (दुधला मोरथला), अशोक कुमार (नलवी), परवीन कुमारी (मथाना), कृष्ण कुमार (कमोदा), प्रदीप कुमार (बाखली), वंदना रानी (प्रतापगढ़), दिनेश यादव (इस्माईलाबाद), सिम्मी गुप्ता (जलबेहरा), सुमित्रा (ईसाक), मेहर सिंह (लाडवा), राजेंद्र सिंह (डाइट पलवल), तथा राजेश सैनी (शाहाबाद) शामिल हैं। डॉ. कौशिक ने शिक्षा मंत्री, विभागीय अधिकारियों एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया।

# श्री शिव महापुराण कथा हेतु हुआ भव्य भूमि पूजन, पहुंचे कई दिग्गज


















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के बुराड़ी स्थित** निरंकारी मैदान में मानव सेवा एवं शिक्षा संस्थान के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा हेतु गुरूवार को भूमि पूजन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मानव सेवा एवं शिक्षा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कौशल गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि आज श्री शिव महापुराण कथा हेतु बड़े ही भव्य रूप में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचीन हनुमान मंदिर साईकिल मार्किट चांदनी चौक के परमपूज्य मंहत गौरव शर्मा जी के सांनिध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**शिव महापुराण कथा के लिए हुआ भूमि पूजन:** दिल्ली के बुराड़ी स्थित निरंकारी मैदान में शिव महापुराण कथा के लिए गुरूवार को भूमि पूजन का आयोजन किया गया। आपको बातदें कि इस कथा में विश्व प्रख्यात कथा वाचक प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा का पाठ करेंगे। जिसमें देश के कई मुख्यमंत्री, आला अधिकारी, राजनितिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां कार्यक्रम में शामिल होगी।

**कार्यक्रम की शुरूआत पूजा पाठ व मंत्रोच्चारण से की गई:** इस भव्य कार्यक्रम की शुरूआत पूजा पाठ और मंत्रोच्चारण के साथ की गई, जहां महंत गौरव शर्मा और संस्था के सभी पदाधिकारियों ने एक साथ मिलकर ध्वज स्थापित किया।

**भगवान शिव का किया गया रुद्राभिषेक:** शिवमहापुराण कथा के आयोजन से पहले पंडाल में संस्था की और से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया और साथ ही भस्म आरती की गई। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

**कार्यक्रम के दौरान मनाया गया मजूदर दिवस, मजूदरों को किया सम्मानित:** आदर्श नगर क्षेत्र की कई हस्तियां इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची। जहां संस्था के लोगों ने एक साथ मिलकर मजदूर दिवस भी मनाया और सभी मजदूरों को सम्मानित भी किया।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर बुराडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा, निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी नरेश ऐरन, संस्था के चेयरमैन संजय गुप्ता, संस्था के मुख्य संरक्षक कृष्ण बंसल, भाजपा नेता रोशन कंसल, राकेश अग्रवाल मंडल महामंत्री आदर्श नगर भाजपा, मुखर्जी नगर थानाध्यक्ष, दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संस्था के मुख्य सेवादार मौजूद रहे।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अहीर दीपक चौधरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए भाजपा नेता प्रदीप गोयल व अन्य गणमान्य लोग।

## नरेंद्र सोनी को बनाया गया डीपीसीसी प्रवक्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले नत्थूपुरा में रहने वाले अधिवक्ता नरेंद्र सोनी के काम व उनकी निस्वार्थ भाव से मेहनत व कार्यों को देखते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस मौके पर नरेंद्र सोनी ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। इसके साथ ही प्रवक्ता नियुक्त होने के बाद से ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनको बधाई देने वालो का उनके निवास स्थान पर तांता लगा रहा। सोनी ने



सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर नरेंद्र सोनी ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे इतनी बडी जिम्मेदारी देते हुए प्रवक्ता बनाया है। मैं उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए भरसक प्रयासरत रहूंगा।

## गर्मी की शुरूआत होते ही दिल्ली में पानी की किल्लत शुरू: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि गर्मी की शुरूआत होते ही दिल्ली में पानी की किल्लत शुरू होने को लेकर दिल्ली भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार अपनी नाकामियों को पंजाब सरकार से लड़ाई का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ने की फिराक में है। जबकि दिल्ली सरकार को बने 3 महीनों से उपर हो गए है और उन्होंने इस दौरान गर्मियों में दिल्ली में होने वाली पीने के पानी की परेशानी को कोई सार्थक हल नहीं निकाला है, जो कि दिल्ली की जनता से



विश्वासघात है बल्कि धोखा भी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने से पहले और सत्ता में आने के बाद लगातार घोषणा कर रही है कि दिल्लीवालों को पानी की कमी नहीं होने देंगे, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी लड़ाई में दिल्ली की जनता दो पाटो में पिस रही है। भाजपा सरकार द्वारा टैंकरों से दिल्ली की कॉलोनियों में पानी सप्लाई से पहले ही साबित हो चुका है कि भाजपा हर घर को नल में जल देने में फेल साबित हो गई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली को लगभग 1290 एमजीडी पानी की जरुरत है जबकि दिल्ली जल बोर्ड अनुसार 995 एमजीडी संशोधित जल का ही उत्पादन होता है और इसमें से लगभग 58.28 प्रतिशत लीकेज और चोरी में चला जाता है।

# बिहार विधान परिषद सदस्य व भाजपा की नेत्री निवेदिता सिंह का नरेला में भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बिहार विधान परिषद की सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेत्री निवेदिता सिंह का बाहरी दिल्ली के नरेला में सबोली रोड स्थित पार्वती मॉडर्न स्कूल में पहुंचने पर सामाजिक संस्था विजयपथ फाउंडेशन और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्वांचल समुदाय के लोगों ने विशेष रूप से उत्साह दिखाया, क्योंकि निवेदिता सिंह सहित आयोजन से जुड़े प्रमुख लोग पूर्वांचल से ताल्लुक रखते हैं। निवेदिता सिंह के आगमन पर विजयपथ फाउंडेशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने







फूल-मालाओं और शॉल भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गई, जो उनके नेतृत्व और सामाजिक कार्यों से प्रभावित थे। पार्वती मॉडर्न स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर पारुल तिवारी ने भी निवेदिता सिंह का अभिनंदन किया और उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में निवेदिता सिंह ने कहा कि भाजपा को और मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। पहलगाम जैसे आतंकी हमलों का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए हमें संगठित और सशक्त होना होगा। पूर्वांचल का समाज हमेशा से एकता और विकास का प्रतीक रहा है, और हम इसे और मजबूत करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं।

विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक अंकु विजय भगत ने कहा निवेदिता सिंह का नरेला आगमन हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। पूर्वांचल समाज की बेटी के रूप में उनकी उपलब्धियां हमें प्रेरित करती हैं। वह बिहार में सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में एक मजबूत आवाज हैं।

पार्वती मॉडर्न स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर पारुल तिवारी ने कहा निवेदिता सिंह का हमारे स्कूल में आना हमारे लिए सम्मान की बात है। उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति से न केवल हमारा उत्साह बढ़ा, बल्कि यह भी संदेश मिला कि शिक्षा और समाजसेवा मिलकर देश को मजबूत बना सकते हैं। इस मौके पर पार्वती मॉडर्न स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर पारुल तिवारी, विनीता मिश्रा, संध्या सिंह, विजय भगत अंकु विजय पथ फाउंडेशन, डा.भारत बाला, डेंटल हॉस्पिटल, पुतुल श्रीवास्तव संयोजक विजय पथ फाउंडेशन,रवि रंजन सोनू व अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय रेलवे खान-पान लाइसेंसीज वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिला।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने किया।

इस दौरान एसोसिएशन ने केन्द्रीय मंत्री को कई समस्याओं से भी अवगत कराया।

एसोसिएशन की ओर से श्री पासवान को रेलमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। श्री पासवान ने एसोसिएशन की मांगो का समर्थन



करते हुए खान-पान लाईसेंसियों के हक में रेल मंत्री से बात कर- के समस्यायों का समाधान करवाने आश्वासन दिया।

## अस्पताल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जी.बी.पंत** पैरामेडिकल एंड टेक्निकल एंप्लाइज यूनियन और जीबी पंत कर्मचारी यूनियन 3103 ने नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के आह्वान पर जी बी पंत अस्पताल के नव नियुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ मोहम्मद आबिद जिलानी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। मई दिवस काम के घंटे 8 की मांग को लेकर जाना जाता है। इस मांग को लेकर बहुत से मजदूरों ने अपनी शहादत दी लेकिन सरकार और प्रशासन आज कर्मचारियों से ज्यादा घंटे काम कराने के लिए मजबूर कर रही है। मई दिवस के दिन सरकार द्वारा कर्मचारियों पर हो रही दमनकारी नीतियों का विरोध करते






हुए लैब सर्विसेज सहित अस्पताल के अन्य सेवाओं को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम पर कर्मचारियों की छटनी करने की नीति लागू की जा रही हैं, अस्पताल कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय जीबी पंत सभागार में सभा करते हुए मई दिवस के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। सभा का संचालन जीबीपंत पैरामेडिकल टेक्निकल एम्पलाइज यूनियन चेयरमैन भारत वीर द्वारा की गई। जिसकी अध्यक्षता एन.पी.एच.ए के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा की गई । जिसमें (आल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एस एस नेगी, महासचिव मैनेजर चौरसिया, सचिव भास्करानंद और अखिल भारतीय सचिव मंडल सदस्य रमेश पराशर ,एन.पी.एच.ए के अध्यक्ष विजय कुमार, दिल्ली राज्य संयुक्त संघर्ष समिति के उप अध्यक्ष पवन वर्मा,सुजाता मखीजा (अध्यक्ष) रामकरण (महासचिव )लोक नायक हॉस्पिटल पैरामेडिकल टैक्निकल यूनियन, विकास (अध्यक्ष ) जी.बी.पंत हॉस्पिटल यूनियन 3103, रणधीर सिंह राणा( अध्यक्ष)जीबी पंत हॉस्पिटल पैरामेडिकल टेक्निकल एम्प्लॉयज यूनियन आदि पदाधिकारी शामिल हुए।

# अभूतपूर्व बंद: मथुरा ने महसूस किया लॉकडाउन वाला सन्नाटा

## दुकान बंद रहीं, ठेल ढकेल तक रहीं नदारद, बंद तो बहाना था आतंक के खिलाफ गुस्सा दिखाना था

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। मथुरा** ने एक बार फिर लॉकडाउन वाला सन्नाटा महसूस किया। हालांकि इस बार कोई किसी को टोक नहीं रहा था, नहीं पुलिसकर्मी बैरियर लगा कर रोक रहे थे। बावजूद इसके बाजारों में सन्नाटा पसरा था और लोग घरों से बाहर नहीं निकले। शायद उन्होंने घर बैठे ही अंदाजा लगा लिया था कि बाजार पूरी तरह बंद है और बाहर निकलने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि शिक्षण संस्थाएं खुली, अगर कहीं चहल पहल थी तो वह स्कूल कॉलेज ही थे। बाकी सब सन्नाटे के आगोश में था। हालांकि दोपहर दो बजे बाद इक्का दुक्का खाने पीने की दुकानें खुली और देखा देखी दूसरी दुकानें भी शाम तक खुल गई, हालांकि तब तक मथुरा बंद का उद्देश्य पूर्णतः सफल हो गया था। इस बीच मथुरा ने राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण पेश किया। सन्नाटे के बीच मथुरा ने बंद के कुछ घंटों में राष्ट्रीय भावनाओं की मूक अभिव्यक्ति की गूंज महसूस की। शाम को लोग यह चर्चा करते दिखे कि इस तरह का सफल बंद उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा। चर्चा करने वालों में हर उम्र के लोग शामिल थे। अभी तक यह देखा गया था कि असरदार करे जाने वाले बंद का असर भी होलीगेट के आसपास के बाजारों की दुकानों के गिरे हुए शटरों से आंका जाता था। पहलगांव में हुई आतंकी घटना के विरोध में गुरुवार को बंद के आह्वान का असर समूचे मथुरा शहर में एकरूपता से



देखने को मिला। शहर के बाहरे इलाकों में भी दुकानें पूरी तरह से बंद थीं। इस बार न कोई झंडा लेकर और नहीं कोई डंडा लेकर बाजार बंद कराने निकला था। न युवाओं की टोलियां ही बाजार में नारेबाजी करते हुए घूम रहीं थीं। यह राष्ट्रीय भावनाओं से लबरेज बंद था जिसे लम्बे समय तक मथुरा याद रखेगा। विश्व हिंदू परिषद के आव्हान पर व्यापारी संगठन, बार एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन आदि ने भी इस बंद का समर्थन किया। यह एक तरह से संयुक्त आह्वान और मूक समर्थन था जिसका असर बंद वाले दिन दिखा।




रजिस्ट्री कार्यालय में नहीं हुआ काम, बार भी समर्थन में रहा

मथुरा बार एसोसिएशन के सचिव शिवकुमार लवानिया ने डीजे, डीएम, प्रधान परिवार न्यायाधीश, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी व जिला उपभोक्ता फोरम को भेज पत्र में कहा है कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भीवत्स नरसंहार के विरोध में संपूर्ण भारत बंद का आवाहन किया गया है। जिसके कारण अधिवक्तागण एवं वादकारीगण न्यायालय आने में असमर्थ हैं। इन सभी हालात को देखते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट के निदेर्शानुसार समस्त अधिवक्तागण आज पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरक्त रहे। इसके चलते गुरुवार को जिला न्यायालय में वकीलों ने कोई काम नहीं कर अपना विरोध प्रदर्शित किया। रजिस्ट्री कार्यालय में भी दस्तावेज लेखकों ने घटना के विरोध में आज रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर गेट पर ताला लगा दिया। इसके चलते कोई भी रजिस्ट्री कराने के लिए कार्यालय पर नहीं आया। दस्तावेज लेखक निबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश चौधरी, संरक्षक सोहनलाल शर्मा, सचिव केके चौधरी, उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक एड, प्रेम सिंह, द्वारकाप्रसाद, शर्मा,कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने इस घटना के विरोध में रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मथुरा बंद का समर्थन किया। इस बंद के चलते सिविल लाइन्स क्षेत्र में पुलिस लाइन, जिला न्यायालय परिसर के बाहर वाले रोड पर जाम जैसे हालात नजर नहीं आए।

देहात में बंद का बेअसर रहा

महानगर में जहां बंद अभूतपूर्व रहा वहीं देहात में बंद का असर नहीं दिखा। कोसीकला, गोवर्धन, राया, वृंदावन आदि बाजार और कस्बों में बंद को लेकर लोगों में चर्चा तो रही लेकिन दुकान और प्रतिष्ठान विधवत खुले। राया में हमेशा की तरह बाजार में प्रतिष्ठान खुले रहे और सड़कों पर लोगों की चहल-पहल रही। निजी स्कूल, अस्पताल अन्य संस्थान भी खुले रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सीडीओ ने किया सम्मानित



**मथुरा:** जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत दिये गये कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने वाले कर्मचारियों को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार भी मौजूद रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान पाने वालों में श्रीमती किरण चौधरी, अवर अभियंता संदीप कुमार, अवर अभियंता विक्रम सिंह, वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार, वरिष्ट सहायक मनोज कुमार सिंह आदि थे। सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बताया कि जनपद के बलदेव ब्लॉक में संचालित यह योजना क्षेत्रीय लोगों को रोजगार सृजन, जन संरक्षण, उत्पादन प्रणाली एवं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सहायक होगी।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस भट्टा मजदूरों को किया गया जागरूक



**मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय** मजदूर दिवस की अवसर पर श्रम विभाग एवं समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा ईंट भट्ठा मजदूरों को उनके हित में विभिन्न श्रम कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया इसी के साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा कार्य स्थल पर मालिकों के द्वारा कौन-कौन सी आवश्यक सुविधाएं दी जानी चाहिए इसके लिए भी उन्हें अवगत कराया गया। सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल ने उपस्थित विभिन्न ईट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों को संबोधित करते हुए बताया मजदूरों को उनका हक दिलवाने के लिए दर्जनों भर श्रम कानून देशभर में लागू है यदि कोई सेवायोजक किसी मजदूर को निर्धारित समय से अधिक कार्य करवाता है तो उसका अतिरिक्त पैसा दिया जाने का प्रावधान है कोई मालिक मजदूर को पैसा नहीं देता है उसके लिए भी कानून में व्यवस्था है मौसम के अनुकूल जीवन उपयोगी वस्तुओं का प्रबंधन भी मालिकों के द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर एसपी पाण्डेय श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा भीषण गर्मी से बचाव के बारे में सावधानी बरतने व बचाव के उपाय बताए गये। कार्यक्रम आयोजन में स्वयं सेवी संगठन सीईसी एवं जनसाहस सस्था द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर नीलम श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्रीमती लोकेश, आलोक रंजन, ललित नरेंद्र कुमार एवं आलोक के अलावा भारी संख्या में महिला पुरुष मजदूर उपस्थित रहे।

### बैंक से निकले व्यक्ति की जेब से उड़ाए 34 हजार रुपये

**मथुरा।** कस्बा राया में दो शातिर महिलाओं ने बैंक से रुपये निकाल कर ला रहे व्यक्ति की जेब से रुपये पार कर दिए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। बताया गया गांव आशा की गढ़ी निवासी गिर्राज सिंह गुरूवार को बैंक से 34 हजार रुपए निकाल कर हाथरस मथुरा मार्ग पर परचून की दुकान से सामान कुछ सामान खरीदने लगे। इस दौरान पीछे खड़ीं दो शातिर महिलाओं ने दुकानदार से चिप्स का पैकेट खरीदने के बहाने उनकी जेब में रखे 34 हजार रुपये पार कर दिए। पैसे चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। पीड़ित ने घटना की सूचना थाना राया में दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश शुरू की हैं।

### श्री गंगा अवतरण पर अभिषेक, डोला का आयोजन 3 मई को

**मथुरा।** श्री वार्ष्णेय एकता महासभा के तत्वावधान मां गंगा के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 3 मई को गंगा महारानी का अभिषेक एबं भव्य डोला का आयोजन किया जायेगा महासभा के संस्थापक एवं संरक्षक महेश वार्ष्णेय ने बताया तीन मई को सायं चार बजे गंगा मैया का डोला स्वामी घाट से पूजा अर्चना के साथ बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकलेगा। जो चौक बाजार , कच्ची सड़क होते हुए शहर के प्रमुख रास्तों से होते हुए मसानी चित्रकूट पर पहुचेगा। संस्थापक गिरीश गुप्ता, सोनू वार्ष्णेय ने बताया सायं को चित्रकूट मसानी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। रात्रि को

# वृंदावन में पूरे परिवार ने अपनाया हिंदू धर्म, जाकिर, जगदीश बन गया

## जगदीश बोले तीन पीढ़ी पहले आक्रांताओं के डर से किया था पूर्वजों ने धर्म परिवर्तन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। जाकिर,** जगदीश बन गया और पूरे परिवार ने हिन्दू धर्म अपना लिया। जगदीश का कहना है कि यह घर वापसी जैसा है। तीन पीढ़ी पहले हमारे पूर्व हिन्दू थे। भगवान श्री कृष्ण की नगरी श्रीधाम वृंदावन के कालीदह समीप स्थित श्रीजी वाटिका कॉलोनी में एक मुस्लिम परिवार ने हिंदू धर्म को विधि विधान के साथ अपनाया। वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान के साथ परिवार से पूजन अर्चना कराई गई और उनका हिंदू रीति रिवाज के अनुसार नामकरण संस्कार किया। इस मौके पर परिवार के मुखिया



जाकिर खान ने बताया कि करीब तीन पीढ़ी पहले उनके पूर्वजों ने मुस्लिम धर्म को अपना लिया था। धर्म परिवर्तन से पहले हम लोग गुर्जर समुदाय से आते थे उसके बाद हमारे पूर्वजों ने धर्म परिवर्तन कर लिया था। इसके बाद से हम सब मुस्लिम धर्म के अनुसार रह रहे थे, लेकिन आज हमारे पूरे परिवार ने हिंदू धर्म को अपना लिया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी, बेटे, बहू और नाती नातिनों ने विधि विधान से हिंदू धर्म को अपनाया है। आज से उनके नाम भी हिंदू सनातन धर्म के अनुसार होंगे। उन्होंने बताया कि आज से मेरा नाम जगदीश मेरी पत्नी जिनका पहले नाम गुड्डी था। वह अब गुड़िया कहलाएगी। वही उनके पुत्र रणवीर और अनवर को रामेश्वर और अमित के नाम से जाना जाएगा। वहीं उनकी बहू का नाम पहले साबरा था, अब वह सावित्री नाम से जानी जाएगी। साथ ही उनके नाती नातिनों को साबिर, जोया, नेहा खान को शत्रुघ्न, सरस्वती और स्नेहा के नाम से पहचान मिलेगी। वहीं घर वापसी कार्यक्रम के संयोजक शरद सैनी ने बताया कि यह परिवार थाना जमुनापार के ढहरूआ गांव का निवासी है। यह परिवार करीब एक वर्ष से मेरे संपर्क में था। इनका हिंदू सनातन धर्म की ओर काफी झुकाव था। वही इन्होंने बताया कि इनके पूर्वज पहले हिंदू ही थे, लेकिन कुछ आताताईयो के डर से इन्होंने हिंदू धर्म को अपना लिया था। आज इनकी घर वापसी हुई है।

# रिफाइनरी के कामगारों ने मनाया मई दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। पेट्रोलियम** वर्कर्स यूनियन कांट्रैक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट की टाउनशिप उप शाखा ने रिफाइनरी नगर के सम्पदा कार्यालय के समक्ष मई दिवस मनाया । हाथों में लाल झंडे और होठों पर ह्य दुनिया के मजदूरों एक होह्न का नारा लिए रिफाइनरी नगर के संविदा श्रमिकों ने टाउनशिप प्लाजा में प्रदर्शन कर सम्पदा कार्यालय पर सभा की। यूनियन की उप शाखा के अध्यक्ष कामरेड दिलीप दुबे की अध्यक्षता में हुई सभा को वरिष्ठ मजदूर नेता शिवदत्त चतुर्वेदी, यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी उप शाखा सचिव हरी चन्द यूनियन सचिव कामरेड जनक उपाध्यक्ष गरीब दास, कोषाध्यक्ष राम




गोपाल बनवारी लाल एडवोकेट और योगेश पाराशर एडवोकेट ने सम्बोधित करते हुए 01 मई 1886 को शिकागो में शहीद हुए मजदूर नेताओं को याद किया और विश्व भर के श्रमजीवियों के लिए उनकी एकता पर बल दिया । वक्ताओं ने श्रमजीवियों के हितार्थ विश्व की गतिविधियों के प्रेरणा स्रोत के रूप में शहीदों का स्मरण किया तथा मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों के कल्याण और उनकी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में भी विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने मजदूरों को जाति और धर्म के आधार पर विभाजित न होने की अपील की ।

### पहचान छुपा कर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों का बहिष्कार

**मथुरा। हिंदुत्व** रक्षा संगठन की बैठक बलदेव में बंटी महाराज एवं कृष्णा महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि अपचान छिपा कर एवं नाम बदल कर धार्मिक आयोजनों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का बहिष्कार किया जाएगा। कुछ लोग जानबूझ कर अपनी पहुंच बढ़ा रहे है एवं सनातन की मान्यताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसे व्यक्ति अपना नाम बदलकर धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दिखाते हैं। इस बैठक में सनातनीय सभी व्यक्तियों से अनुरोध किया गया कि सभी धार्मिक आयोजनों को अपने सनातनी व्यक्तियों द्वारा कराएं।

# 73.37 करोड़ की लागत से मथुरा में बनेगा सर्किट हाउस

## करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में बहुमंजिला सर्किट हाउस का पीडब्ल्यूड़ी करेगा निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। अब मथुरा** में 73.37 करोड़ की लागत से लखनऊ के पैटर्न पर सर्किट हाउस बनाय जाएगा। करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में तैयार होने वाले इस सर्किट हाउस के डिजायन को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि यूपी वेटरनेरी यूनिवर्सिटी के फार्म के निकट करीब पांच एकड़ में सर्किट हाउस का निर्माण किया जाना है। पीडब्ल्यूडी ने इस नवीन सर्किट हाउस का प्रजेंटेशन किया। पीडब्ल्यूड़ी द्वारा प्रस्तुत डिजायन में कुछ संशोधन का सुझाव दिया गया है, जिसमें मुख्यद्वार और वीआईपी पार्किंग स्थल शामिल है। पीडब्ल्यूड़ी द्वारा इस सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि सर्किट हाउस के डिजायन के अनुसार दो वीवीआईपी और दो वीआईपी सूट्स होडे। 10 जनरल सूट्स, 18 सिंगल सीटर रूम, 70 सीटर कांफ्रेंस हाल,72 सीटर कैफेटेरिया का निर्माण होगा। टाइप सेकेंड के दो रूम भी बनाए जाएंगे। इनके अलावा तीन मंजिल डॉरमेट्री बनाई जाएगी, जिसकी प्रत्येक मंजिल पर 14 रूम होंगे। इस सर्किट हाउस के निर्माण पर 73.37 करोड़ की लागत आएगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली में सर्किट हाउस की आवश्यकता को काफी समय से महसूस किया जा रहा था।

# वक्फ संशोधन अधिनियम पर की पार्टी की पैरवी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। वक्फ** (संशोधन) अधिनियम 2025 पर भाजपा नेताओं ने अपनी पार्टी के रूख की पैरवी की। मथुरा जिला महानगर द्वारा गुरुवार को कृष्णापुरी तिराहा स्थित एक होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के मुख्य वक्ता रहे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा व महानगर जिला अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव ने अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर पार्टी का पक्ष रखा। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाना, दुरुपयोग पर रोक




लगाना और सभी नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को लेकर कुछ वर्गों में जो भ्रांतियाँ फैलाई जा रही हैं, वे तथ्यहीन और भ्रामक हैं। ह्ययह कानून किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य है कि वक्फ बोर्ड जैसे संवेदनशील संस्थानों में जवाबदेही और पारदर्शिता लाई जाए,ह्व उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि अनेक वर्षों से वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग, गैरकानूनी कब्जों और अवैध लाभ के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह संशोधन आवश्यक हो गया था ताकि वक्फ बोर्ड अपने उत्तरदायित्वों का पालन सही ढंग से कर सके और जनता की आस्था के साथ न्याय हो सके। महानगर अध्यक्ष हरि शंकर राज यादव ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत सभी संस्थाओं को जवाबदेह बनाया जाना आवश्यक है, चाहे वे किसी भी धार्मिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़ी हों।


इस अवसर संजय शर्मा, जिला मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, अंकुर अग्रवाल, विनीत शर्मा, विजय शर्मा, हनुमान गुर्जर, अंकुर गुर्जर, नितिन चतुर्वेदी, कौशल बंसल आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में पैथोलॉजी की छत का का हिस्सा गिरा

## सीनियर पैथोलॉजिस्ट इसमें घायल हो गये। पैथोलॉजी में कार्यरत कर्मचारियों ने इस पर नाराजगी जताई है

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। जिला अस्पताल** में पैथोलॉजी लैब कक्ष की छत का प्लास्टर गुरुवार की दोपहर में गिर गया। सीनियर पैथोलॉजिस्ट इसमें घायल हो गये। पैथोलॉजी में कार्यरत कर्मचारियों ने इस पर नाराजगी जताई है। कर्मचारियों का कहना है कि करीब छह महीने पहले इस कक्ष में कार्य हुआ था। जिस समय कार्य किया जा रहा था उसी समय यह बताया गया कि कार्य संतोषजनक नहीं किया जा रहा है। छह महीने भी नहीं हुए कि छत पर लगाई गई सीलिंग गिर




गई है। हालांकि गनीमत रही कि जिस समय घटना हुई कोई मरीज लैब में नहीं थी। मरीज होते तो उन्हें भी चोट लग सकती थी। टायल्स गिरने से अफरा तफरी मच गई। सीनियर पैथोलॉजिस्ट के घायल होने की सूचना पर चिकित्सक और अस्पताल प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे में घायल सीनियर पैथोलॉजिस्ट आरके चूड़ामणि का हालचाल जाना। आरके चूड़ामणि ने घटना पर नाराजगी जताई और कहा कि आदसा बडा हो सकता था। मरीज लैब में नहीं थे यह अच्छा रहा। उन्हें भी चोट लग सकती थी। उन्होंने कहा कि यह बताए जाने के बाद भी कि लैब कक्ष में ठीक से काम नहीं हुआ है और वह अन्य कर्मियों के साथ काम करते समय असुरक्षित महसूस करते हैं उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि अब इस ओर ध्यान दिया जाएगा। काम कराने वाली फर्म के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। इस घटना को लेकर सीएमएस की अनुपस्थित में डा. अमन सक्सेना ने बताया कि पैथोलॉजी लैब की छत गिरने से स्वास्थ्यकर्मी घायल हुए हैं। छह माह पूर्व लैब में ऐजिंग का काम हुआ था जो घटना हुई है इस की जांच कराई जाएगी।

# आतंकी हमले के मृतकों की आत्मशांति को तीर्थ पुरोहितों ने किया अनुष्ठान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** गुरुवार को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहितों महासंघ द्वारा पहलगांव हमले में मारे गए हिंदू पर्यटकों की आत्मशांति के लिए महानगर के लालगंज स्थित प्राचीन जागेंद्र नाथ महादेव मंदिर पर महंत आचार्य दीपक शास्त्री के निर्देशन में भगवान सदाशिव परिवार का पूजन संकल्प कर गंगाजल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष रुद्राभिषेक कर भगवान महाकाल से इस्लामिक आतंकवाद में मारे गए हिन्दू पर्यटकों की आत्मा को सदगति



प्रदान करने की कामना की। महासंघ के ब्रजमंडल महामंत्री यज्ञदत्त शास्त्री द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हुए कहा कि कब तक अपने ही देश में हिन्दू मरता रहेगा अब वक्त आ चुका है देश आपकी ओर विश्वास की आस लगाए बैठा है

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# युवा सीएम हैं योगी, इनके शासन में यूपी का विकास शोध का विषय : धनखड़

## उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का किया विमोचन

**पीठ थपथपाई**

- उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी का किया गुणगान, कहा यूपी की चुनौतियों को योगी जी ने किया स्वीकार, नतीजा सबके सामने

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना करते हुए योगी को 'युवा मुख्यमंत्री' करार दिया। उन्होंने कहा कि जब आपसे उम्र में बड़े लोग खुद को युवा कहते हैं, तो आप निःसंदेह युवा मुख्यमंत्री हैं। आप आठ साल बेमिसाल, यूपी के नायक हैं। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को विश्व में अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोगों का आना सदियों तक याद रखा जाएगा। यह कार्य पूरे विश्व में कभी संपन्न नहीं हुआ। आप उस आयोजन के सारथी हैं। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में हुआ यूपी का विकास शोध का विषय है। उप राष्ट्रपति गुरुवार को राजधानी स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करने पहुंचे थे।




**जेवर एयरपोर्ट का दुनिया कर रही है इंतजार**

धनखड़ ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए कहा कि साढ़े आठ साल में बिना कोई टैक्स लगाए 12.5 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था को करीब 30 लाख करोड़ तक पहुंचाना, अपने आप में एक शोध का विषय है। प्रति व्यक्ति आय में यूपी ने जबरदस्त छलांग लगाई है। उन्होंने प्रदेश में हुए बुनियादी ढांचे के विकास की तारीफ करते हुए कहा कि भारत गणतंत्र के 55 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे यूपी के पास हैं। दुनिया के कुछ ही देशों में मेट्रो है, लेकिन यूपी के छह शहरों में मेट्रो रेल सेवा है और यह देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा 16 एयरपोर्ट, 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यूपी में हैं। जेवर एयरपोर्ट का दुनिया इंतजार कर रही है, क्योंकि जेवर तो जेवर ही होता है।

**मुख्यमंत्री जी के सामने आई होंगी कितनी ही चुनौतियां, ये वही जानते होंगे**

उप राष्ट्रपति ने योगी आदित्यनाथ के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि चुनौती से पलायन करना या उदासीन रवैया रखना कायरता की निशानी है और कायरता का कोई अंश यूपी के मुख्यमंत्री में नहीं है, इसमें कोई मेडिकल जांच की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि आठ साल पहले यूपी की परिभाषा अलग थी। आज कानून-व्यवस्था उच्चतम स्तर पर है। इसे स्थापित करने में कितनी चुनौतियां आई होंगी, ये मुख्यमंत्री जानते होंगे, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार किया और नतीजा आज सबके सामने है।

**राष्ट्रपति और राज्यपाल के पद पर टिप्पणियों पर जताई चिंता**

उप राष्ट्रपति ने संवैधानिक पदों की गरिमा पर जोर देते हुए कहा कि हमारे संविधान में दो पद सुप्रीम हैं, राष्ट्रपति और राज्यपाल। ये संविधान को संरक्षित, सुरक्षित और समर्थन करने वाले पद हैं। ऐसे गरिमापूर्ण पदों पर टिप्पणियां करना मेरे हिसाब से चिंतन और सोच का विषय है। उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कहा कि सभी संस्थाओं को अपनी सम्यक भूमिका निभानी चाहिए। धनखड़ ने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सामंजस्य की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे संवैधानिक संस्थानों के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। हम सबकी अपनी सीमाएं हैं। हमारा संविधान एक दूसरे संस्थाओं से सामंजस्य मांगता है। उन्होंने कहा कि मैं न्यायपालिका का बहुत सम्मान करता हूं। 40 साल तक मैंने इसके लिए कार्य किया। हमारे जज वन ऑफ दि बेस्ट हैं। लेकिन मैं अपील करता हूं कि हमें सहयोग और समन्वय के साथ एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि ये पुस्तक केवल आनंदीबेन पटेल के लिए नहीं है।

## चारधाम यात्रा तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**पौड़ी गढ़वाल।** डीएम डॉ. आशीष चौहान ने चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए श्रीनगर क्षेत्र में यात्रा मार्ग एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, बिजली और पार्किंग व्यवस्थाओं को बेहतर करने के सख़्त निर्देश दिए। गुरुवार को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कीर्तिनगर के समीप पुलिस चौकी और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने सड़क किनारे सफाई, गड्ढों को भरने और पर्यटकों की सुविधा हेतु पुलिस चौकी को आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एनआईटी मैदान, आवास विकास मैदान पार्किंग और पॉलिटेक्निक परिसर में बनाए गए ट्रांजिट कैम्प का निरीक्षण किया। डीएम ने इन स्थलों पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति और नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर दिखेगी वायुसेना की ताकत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय वायुसेना ऐतिहासिक ट्रायल करने जा रही है। शुक्रवार को शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर बने 3.5 किमी. लंबे एयर स्ट्रिप पर एयरफोर्स अपनी ताकत दिखाएगी। इस मिशन में वायुसेना के सबसे एडवांस फाइटर और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स को टेकऑफ और लैंड कराया जाएगा। इसमें राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ही शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार 3.50 किलोमीटर लंबी आधुनिक हवाई पट्टी का निरीक्षण किया था। यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन-रात लैंडिंग कर सकेंगे। फाइटर प्लेन यहां पूर्वाभ्यास भी कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



**दिन के बाद रात में भी होगा शो**

एयर शो को देखते हुए इंडियन एयरफोर्स ने हवाई पट्टी को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया है। एयरफोर्स के जवान और यूपीडा से जुड़े अधिकारी इस एयर शो के संचालन में जुटे हैं।

जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एयर शो का आयोजन दिन और रात दोनों समय किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके। शो के दौरान फाइटर जेट्स टेस्टिंग के लिए एयर स्ट्रिप पर एक मीटर ऊंचाई पर उड़ान भरेंगे। इसके बाद फाइटर जेट्स एयर स्ट्रिप पर लैंड करेंगे और फिर टेकऑफ भी करेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक फिर यही एक्सरसाइज की जाएगी। सभी

## क्षतिगस्त फसलों का 24 घंटे में दिया जाए मुआवजाः सीएम

**मुआवजा**

- राहत आयुक्त ने बताया कि 24 घंटे में पीड़ित परिवार को सहायता धनराशि प्रदान कर दी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेमौसम बारिश, आंधी, तूफान और आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि का मुआवजा 24 घंटे के भीतर देने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही सीएम योगी ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को मौके पर जाकर क्षतिगस्त फसलों का सर्वे कर 24 घंटे में मुआवजा देने के भी निर्देश दिये हैं ताकि प्रभावितों को राहत प्रदान की जा सके।

**सीएम योगी ने पीड़ित परिवार के प्रति जतायी शोक संवेदना**

उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अचानक मौसम ने करवट ली। इससे गोरखपुर, बस्ती समेत कई जिलों तेज आंधी, तूफान, बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिरी। ऐसे में सीएम योगी ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को मौके पर जाकर जनहाानि का सर्वे करने के निर्देश दिये। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि 1 मई को सुबह 8 बजे अचानक पूर्वांचल के जिलों में मौसम ने करवट ली।

इस दौरान गोरखपुर, बस्ती समेत कई जिलों में तेज आंधी,



तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली गिरी। इससे यहां के किसानों की फसलों को नुकसान होने के साथ जनहानि भी हुई। उन्होंने बताया कि गोरखपुर और बस्ती में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु हो गयी। इसमें गोरखपुर के 13 वर्षीय सौरभ और 52 वर्षीय सुशील देवी शामिल हैं। इसी तरह बस्ती में 60 वर्षीय राम चरण और 55 वर्षीय चंद्रावती की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। सीएम योगी ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सहायता राशि देने के निर्देश दिये हैं।

राहत आयुक्त ने बताया कि 24 घंटे में पीड़ित परिवार को सहायता धनराशि प्रदान कर दी जाएगी। उधर, सीएम योगी के निर्देश पर अचानक खराब मौसम से क्षतिगस्त फसलों के सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। पीड़ित किसानों को 24 घंटे में क्षतिगस्त फसलों का मुआवजा प्रदान कर दिया जाएगा।

